# राज्य का एक्सपोर्ट लगभग 03 गुना बढ़ा – योगी आदित्यनाथ

## एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र हेतु 51,000 करोड़ रू0 से अधिक का मेगा ;ण मेला



संवाददाता।

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नये भारत का नया उत्तर प्रदेश अनेक सम्भावनाओं से युक्त है। आज वितरित 51,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण से प्रदेश के हजारों नौजवानों को रोजगार प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त होगा। लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, जिससे इनके जीवन में खुशहाली आएगी। वर्ष 2017 में प्रदेश का बजट लगभग 02 लाख करोड़ रुपये था और आज एक दिन में 51,000 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए जाते हैं। हमने प्रदेश की सम्भावनाओं को एक नयी उड़ान दी है।

मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में आयोजित एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र हेतु 51,000 करोड़ रुपये से अधिक के मेगा ऋण मेला कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। ज्ञातव्य है कि एम0एस0एम0ई0 की वार्षिक ऋण योजना में वर्ष 2017–18 से वर्ष 2023–24 (माह दिसम्बर) तक कुल लक्ष्य 4,37,726 करोड़ रुपये के सापेक्ष 6,55,684 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है। यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एम0एस0एम0ई0 इकाइयों के लाभार्थियों को ऋण राशि तथा जनपद मथुरा, मेरठ, अमरोहा एवं सीतापुर में नए स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत जनपद सहारनपुर, सम्भल एवं मुरादाबाद में कॉमन फैसिलिटी सेण्टर का शुभारम्भ किया। साथ ही, उन्होंने ओ0डी0ओ0पी0 एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट्स तथा 03 महिलाओं को ई–रिक्शा की प्रतीकात्मक चाभी वितरित की। मुख्यमंत्री ने ओ0डी0ओ0पी0 की कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली लाने और उनके आर्थिक विकास के लिए जो प्रयास किए हैं, आज उसके सुखद परिणाम हम सभी के सामने हैं। भारत के विकास का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। आज उत्तर प्रदेश की प्रगति को देखकर देशवासी खुश हैं और दुनिया अचम्भित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओ0डी0ओ0पी0 योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना तथा प्लेज पार्क योजना प्रदेश सरकार द्वारा सर्वप्रथम शुरू की गई योजनाएं हैं। इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं के रोजगार व स्वावलम्बन के लिए बेहतरीन कार्य किए गए हैं। राज्य सरकार प्लेज पार्क योजना के अन्तर्गत प्राइवेट सेक्टर को 10 एकड़ से 50 एकड़ भूमि में प्राइवेट इण्डस्ट्रियल पार्क बनानेध्विकसित करने हेतु फेजवाइज इन्सेन्टिव प्रदान कर रही है। अब तक प्रदेश में प्लेज पार्क की संख्या 10 हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक नयी स्कीम के रूप में कॉमन फैसिलिटी सेण्टर स्थापित करने का कार्य एम0एस0एम0ई0 सेक्टर को आगे बढ़ाने की दिशा में नया प्रयास है। कॉमन फैसिलिटी सेण्टर ओ0डी0ओ0पी0 से जुड़े कार्यों के इनोवेशन व रिसर्च के लिए हैं। यह सेण्टर्स ओ0डी0ओ0पी0 से जुड़े उद्यमियों को फैसिलिटेट करने व उनकी समस्याओं का समाधान करने का कार्य करें। कॉमन फैसिलिटी सेण्टर में कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में एम0एस0एम0ई0 इकाइयों के साथ संवाद के कार्यक्रम हों। एम0एस0एम0ई0 उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निदान हो। उनके लिए पी0एन0जी0, इलेक्ट्रिसिटी की सुविधा प्रदान करना, बैंकों के साथ जोड़ते हुए उनके लिए ऋण मेला आयोजित करना, फैसिलिटेशन सेण्टर स्थापित करना, डिजाइनिंग, पैकेजिंग व ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित करना जैसे विभिन्न कार्य किए जाएं। अब हमारे लिए मंजिल आसान है, बस प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने ओ0डी0ओ0पी0 के माध्यम से वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा प्राप्त की है। प्रधानमंत्री जी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान पर मुहर लगाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है। ओ0डी0ओ0पी0 योजना पूरे देश में चलायी जा रही है। देश व दुनिया के लोगों में ओ0डी0ओ0पी0 के बारे में जिज्ञासा है। हमने इस दिशा में नया करने का प्रयास किया है। इस क्षेत्र में व्यापक सम्भावनाएं विद्यमान हैं। अब तक किए गए प्रयासों को एक नयी दिशा देने की आवश्यकता है। प्रत्येक जनपद के उत्पाद का डाक टिकट जारी किया जाए। एम0एस0एम0ई0 विभाग द्वारा हर जनपद के उत्पाद की ग्रेडिंग की जाए। इसके लिए राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर की एजेन्सियों को अपने साथ जोड़ें, जो इन एम0एस0एम0ई0 इकाइयों का निरन्तर मूल्यांकन करते हुए इनकी ग्रेडिंग के कार्य को तेजी से आगे बढ़ा सकें। ओ0डी0ओ0पी0 उत्पादों के एक्सपोर्ट को और बढ़ाने के लिए हमें ब्राण्डिंग, पैकेजिंग व डिजाइनिंग की दिशा में कार्य करने होंगे। मार्केट की डिमाण्ड के अनुसार कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल करके हम व्यक्ति के जीवन में बेहतर परिवर्तन ला सकते हैं। डिजिटल पेमेण्ट के साथ उन्हें जोड़ें तथा इस कार्य के लिए उन्हें कुछ इन्सेन्टिव भी दें। उत्पादों को तैयार करने में तकनीक का इस्तेमाल किया जाए। प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड से जुड़े लोगों को इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध करा रही है, जिससे इन लोगों की कार्यक्षमता बढ़ी, लागत कम हुई और आमदनी में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में निराशा, हताशा, अराजकता व परस्पर वैमनस्यता थी। पहले उत्तर प्रदेश देश की पांचवी–छठवीं अर्थव्यवस्था का राज्य था, जो आज वर्ष 2024 में देश की दूसरी अर्थव्यवस्था का राज्य बन चुका है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक आर्थिक विकास दर के साथ देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह टीम वर्क का परिणाम है। जब हम मिलकर कार्य करते हैं, तो ऐसे ही सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की सुदृढ़ सुरक्षा व कानून व्यवस्था के कारण हर व्यक्ति, व्यापारी और निवेशक अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है। राज्य की बेहतर कानून व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को निवेश के बेहतरीन गंतव्य स्थल के रूप में स्थापित किया है। यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 से हमें 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 01 करोड़ 10 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी व रोजगार मिलेगा। प्रदेश के नौजवान अब पलायन नहीं करेंगे।

# बंद घरों में चोरी एवं नकबजनी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह ठाकुरगंज पुलिस ने किया पदार्फाश, तीन गिरफ्तार

## इन अभियुक्तों पर दर्ज है कई आपराधिक मुकदमें



संवाददाता।

लखनऊ ।थाना ठाकुरगंज व सर्विलांस टीम डीसीपी पश्चिमी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बंद घरो मे चोरी व नकबजनी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के तीन शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। साथ ही उनके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी किये गये जेवरात व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल समेत कुल 18 लाख की कीमत का माल बरामद किया है। डीसीपी पश्चिमी राहुल राज ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 28 दिसंबर की रात थानाक्षेत्र के दुर्गा देवी मार्ग कला कोठी के सामने शीश महल निवासी डॉ. सैय्यद गौहर अब्बास के घर में भारी जेवरात की चोरी हुई। इस संबंध में थाना ठाकुरगंज में मुकदमा दर्ज हुआ। घटना का खुलासा करने के लिए थाना ठाकुरगंज की पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इसमें एक अभियुक्त ऋषि कोरी जो कि थाना ठाकुरगंज के हुसैनाबाद मोहिनी पुरवा का रहने वाला है। इसके ऊपर कुल 31 मुकदमें दर्ज है। इसमें दो गैगेस्टर के बाकी सब चोरी के है। साथ ही यह थाना ठाकुरगंज का हिस्ट्रशीटर है। इसके साथ जो दूसरा अभियुक्त देवा उर्फ देवेंद्र यह गुडंबा थाने का रहने वाला है। इस पर भी सात अभियोग पंजीकृत है। जिसमें एक मर्डर का है। जिसमें यह जेल गया था। इसी दौरान जेल में उसकी ऋषि कोरी से दोस्ती हुई। जेल से छूटने के बाद ये दोनों ने गैंग बनाकर फिर चोरी की वारदात करने लगे। इसमें तीसरा अभियुक्त करन है जो कि ऋषि कोरी के घर पर किरायेदार के रूप में रहता है। यह भी इनके साथ मिलकर घटना को अंजाम देता था। उन्होंने बताया कि जो त्रिषी कोरी है वह सिलाई काम, देवेंद्र दूध बेचने काम करता है ।तीसरा अभियुक्त करन राशन की दुकान पर बैठता है। इन लोगों से जो बरामदगी हुई वह कुल बीस लाख के जेवरात और एक बाइक भी बरामद हुई है। बरामद सामान ठाकुरगंज के दो और मड़ियांव की तीन घटनाओं के है। इस प्रकार से कुल पांच घटनाओं का पदार्फाश हुआ है। जो अभियुक्त पकड़े गये हैं इनके वारदात करने का क्षेत्र पूरा लखनऊ है। ठाकुरगंज, बाजारखाला, नाका, तालकटोरा, हुसैनगंज, गुडंबा,मड़ियावं आदि इनका अपराध क्षेत्र है। इनके अपराध करने के तरीके भी बिल्कुल अलग है। जो इनसे सामान बरामद हुआ उसमें इन्होंने सारे जेवरात एक भैंस के खूंटे के नीचे से बरामद हुआ है। यानी इनके द्वारा जो सामान चोरी किया गया उसे जमीन के अंदर गाड़ कर रखा। ताकि इसके बारे में किसी को भनक तक न लग से। ये बड़े ही शातिर किस्म के चोर है। गिरफ्तार करने वाली टीम को उनकी तरफ से पचीस हजार रुपये का इनाम दिया जाता है। ये जो बरामदगी हुई हो पांच घटनाओं के कुछ न कुछ माल है। इनके द्वारा लखनऊ के बाहर भी घटनाएं की जाती रही है। इसके बारे में पता किया जा रहा है। ये दिन भर घूमकर देखते रहते है कि कहां पर अधिक माल मिल सकता है और कहां किस घर में ताला बंद रहता है। ऋषि इस घटना का गैंग लीडर है।

# राम मंदिर व बाबरी मस्जिद के संदर्भ में भड़काऊ पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

## एटीएस ने अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल व तीन सिम कार्ड किया बरामद



लखनऊ ।अयोध्या में राम मंदिर व बाबरी मस्जिद के सन्दर्भ में सोशल मीडिया पर विद्वेषपूर्ण व भड़काऊ पोस्ट करने वाला यूपी एटीएस द्वारा गिरफ्तार। इसके कब्जे से एक मोबाइल व तीन सिम कार्ड बरामद हुआ है। माह जनवरी 2024 में प्रस्तावित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति स्थापना तथा मन्दिर के उद्घाटन कार्यक्रम के दृष्टिगत एटीएस उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। साइबर पेट्रोलिंग के दौरान यह प्रकाश ने आया कि एक एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) पर आई डी / जीबरान मकरानी द्वारा विद्वेषपूर्ण व भड़काऊ पोस्ट हम एक भी मस्जिद नहीं छोड़ेंगे। अगर हमसे जबरदस्ती मस्जिद छीनी गयी तो अंजाम भुगतने को तैयार रहना, बाबरी मस्जिद भी हमारी है और हमारी रहेगी की गयी है। पोस्ट से स्पष्ट है कि यह साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने, धार्मिक वैमनस्य बढ़ाने व धार्मिक उन्माद फैलाने के उद्देश्य से की गयी है। एटीएस उत्तर प्रदेश द्वारा उपरोक्त आईडी के विषय ने जानकारी की गयी, तो ज्ञात हुआ कि यह आईडी झांसी निवासी जिबरान मकरानी पुत्र इसरार मकरानी द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिबरानी को पूछताछ के लिूए एटीएस की फील्ड इकाई, झांसी कार्यालय पर बुलाया गया। पोस्ट के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर जिबरान ने बताया कि उसने इस पोस्ट व ट्वीट को इस इरादे से किया है कि बाबरी मस्जिद का बदला लिया जाए और मुसलमान भाई राम मंदिर को नेस्त–ओ–नाबूत कर दें, जैसे हमारे बुजुर्गों ने किया था। जिबरान द्वारा पुलिस से बचने के लिए यह पोस्ट डिलीट कर दी गयी है। एटीएस द्वारा जिबरान के मोबाइल फोन के डाटा को देखा गया, तो उसके फोन में अन्य लोगों द्वारा किए गये पोस्ट के स्क्रीनशॉट्स, जैसे कि बाबरी मस्जिद के विध्वंस, इजरायल पर हुए हमास के आतंकी हमले का समर्थन करने वाले और पीएफआई के सनर्थन में किए गए पोस्ट के स्क्रीनशॉट्स आदि भी पाये गये। उक्त स्क्रीनशॉट्स के सम्बन्ध में पूछने पर जिबरान द्वारा बताया गया कि वह मुस्लिम भाईयों पर हो रहे

अत्याचारों से आहत है और इस प्रकार के भड़काऊ स्क्रीनशॉट्स को वह दोबारा अपने एक्स हैंडल से पोस्ट करता है। जिससे इन भड़काऊ पोस्ट्स का प्रचार– प्रसार मुस्लिम भाईयों के बीच ज्यादा–से–ज्यादा हो सके। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर, जनपद झांसी पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। अभियुक्त जिबरान मकरानी पर स्थानीय पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# लूट की घटनाओं को रोके पुलिस डीजीपी

## पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण की समीक्षा



संवाददाता।

लखनऊ ।पुलिस महानिदेशक विजय कुमार द्वारा बुधवार को पुलिस मुख्यालय से कमिश्नरेट गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा, गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, कानपुरनगर एवं जनपद मेरठ, बागपत, अलीगढ़, एटा, हाथरस, अमेठी, बुलन्दशहर, मुजफ्फरनगर, मथुरा, सम्भल, झांसी, सुल्तानपुर, गोरखपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, चित्रकूट के पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनावरण के लिए शेष लूट के अभियोगों की समीक्षा की गयी। लूट के अपराधों की गहनता से समीक्षा करते हुये अनावरित प्रकरणों का शीघ्र अनावरण किया जाय तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लूटी गयी सम्पत्ति की शत–प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित की जाये। ऑपरेशन दृष्टिश के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों, चौराहों,तिराहों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पर व्यवस्थापित सीसीटीवी कैमरों का घटनाओं के अनावरण में सहयोग लिया जाये। लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों, बैंकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सरार्फा मार्केटों आदि में लगातार फुट पेट्रोलिंग, चेकिंग करायी जाये तथा प्रयास किया जाये की लूट की घटनाएं घटित न हो और यदि घटित होती हैं तो शीघ्र अनावरण किया जाये। लूट की घटनाओं के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध, मोबाइल पेट्रोलिंग व सीसीटीवी कैमरों के व्यवस्थापन व कियाशीलता की समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। लूट की घटनाओं में लिप्त पेशेवर अपराधियों के सत्यापन की कार्रवाई करते हुये नियमानुसार प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाये। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक अपराध सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाका में दो मंजिला मकान भरभरा कर ढहा

## पुलिस की मुस्तैदी से नहीं हुई कोई जनहानि
## मकान दरकने पर पहुंची पुलिस, सभी को निकाला बाहर
## मकान के आसपास रह रहे लोगों को भी हटाया



संवाददात।

लखनऊ ।राजधानी के थाना नाका क्षेत्र में बुधवार को दो मंजिला मकान अचानक से भरभरा कर गिर गई। हालांकि गनीमत रही कि पुलिस की मुस्तैदी के चलते कोई जनहानि नहीं होने पायी। चूंकि पुलिस को सूचना मकान दरकने से पहले मिल गई थी। इसलिए पहले से ही पहुंचकर मकान में रह रहे लोगों को आनन–फानन में बाहर निकालने के बाद आसपास के मकानों में जो लोग रह रहे थे उसे भी खाली कर दिया। ऐसे में जब मकान ताश के पत्तों की तरह गिरा तो आसपास कोई नहीं था। फिर भी मकान गिरने पर अफरा तफरी मच गई। मकान गिरने के बाद पुलिस ने पूरा क्षेत्र सील कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता ने बताया कि आर्यनगर इलाके में रामकुमार गुप्ता की दो मंजिला एक निर्माणाधीन इमारत है। मकान स्वामी अनिल द्विवेदी अपना मकान बनवा रहे थे। बुधवार दोपहर को सूचना मिली कि निर्माणाधीन मकान एक साइड की तरफ झुकने लगी है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मकान के आसपास रह रहे लोगों को वहां हटाने का काम शुरू कर दिया। इसके बाद बाद निर्माणाधीन मकान के आसपास बैरिकेडिंग करके रास्ते को बंद करा दिया। इसी बीच अचानक मकान भरभराकर ढह गया। मकान गिरने से अफरातफरी मच गयी। हालांकि मकान गिरने के दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। पुलिस निर्माणाधीन मकान के ठेकेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वही मकान गिरने के बाद आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि मकान का बेसमेट काफी गहरा करा दिया गया था। बेसमेट में मिट्टी भरने के लिए कहा गया था लेकिन ठेकेदार द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। जिसकी वजह से यह हादसा हो गया।

# राष्ट्रीय फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में रेजल को 'सुपर परफार्मर अवार्ड'



लखनऊ, 3 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की केजी की प्रतिभाशाली छात्रा रेजल खान को राष्ट्रीय फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु 'सुपर परफार्मर अवार्ड' से नवाजा गया है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब के संयोजकत्व में आयोजित हुई, जिसमें देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी फैन्सी ड्रेस प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रा की बाल सुलभ प्रतिभा, आकर्षक वेषभूषा एवं आत्मविश्वास का जोरदार प्रदर्शन देखकर निर्णायक मण्डल के सदस्य अभिभूत हो गये। आयोजकों ने रेजल की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सी.एम.एस. अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं संवारने हेतु छोटी उम्र से ही प्रोत्साहित करता है, साथ ही विभिन्न रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु प्रेरित करता है, जिससे आगे चलकर ये छात्र विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उपयोग कर मानवता का कल्याण करने में सक्षम बन सकें। श्री शर्मा ने आगे कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक तीनों प्रकार की संतुलित एवं उद्देश्यपूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें मानव जाति के लिए ईश्वर का उपहार एवं टोटल क्वालिटी पर्सन बनाने को संकल्पित है।

# भाजपा ने कला–संस्कृति का किया अपमान – अखिलेश यादव

लखनऊ समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय आज दूसरे दिन भी समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा लोक गायन, गीत, संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी कलाकारों को नववर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के कलाकारों के गीत देर तक सुनते रहे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का सांस्कृतिक प्रकोष्ठ बहुत समृद्ध है। इस प्रकोष्ठ की आगामी लोकसभा चुनाव में जनमत बनाने में बड़ी भूमिका होगी।उन्होंने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सभी कलाकारों को आव्हान किया कि वे प्रकोष्ठ के संयुक्त कार्यक्रम से पूरे प्रदेश में दर–दर जाकर अलख जगा दें जिससे भाजपा सरकार से छुटकारा मिले। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं हिंदी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में यश भारती सम्मान से कलाकारों, लेखकों तथा अन्य क्षेत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया था। उन्हें पेंशन देने की भी व्यवस्था की गई थी। भाजपा सरकार ने आते ही इसे रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कला–संस्कृति का जो अपमान किया है उससे सभी कलाकारों को अपने गायन से भाजपा के खिलाफ जनमत बनाना और सत्ता से बेदखल करने के लिए जनता को जागरूक करना है। कलाकार अपने कार्यक्रमों से समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को बूथ स्तर तक पहुंचाकर लोकतंत्र बचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। इस बार धर्म जाति की लड़ाई से ऊपर उठकर लोकसभा चुनाव में संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए पीडीए केन्द्र की भाजपा सरकार को हटाएगा।

# औद्योगिक एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री का किया स्वागत

अयोध्या ।जिले के रौनाही टोल प्लाजा पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान अजीत मौर्य की अगुवाई में औद्योगिक एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री जसवंत सैनी का जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा नेता अजीत मौर्य ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ राज्य मंत्री जसवंत सैनी को 51 किलो की माला पहनकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर स्वागत से अभिभूत राज्य मंत्री ने माला पहना रहे समर्थकों का सम्मान करते हुए उन्हें स्वयं अपने हाथों से माला पहनाई।

# जापान के विमान से 379 यात्रियों को 2 मिनट में निकाला गया, श्खून से लिखेश सुरक्षा नियमों ने बचाई लोगों की जान ?



यूके के क्रैनफील्ड विश्वविद्यालय में सुरक्षा और दुर्घटना जांच के प्रोफेसर ग्राहम ब्रेथवेट ने कहा कि मैंने फुटेज में जो देखा, उससे मुझे आश्चर्य और राहत मिली कि सभी लोग बाहर आ गए। यह इतना गंभीर प्रभाव है कि किसी भी विमान को इसका सामना करना पड़ सकता है। टोक्यो के हानेडा हवाईअड्डे पर जापान एयरलाइंस के एक यात्री विमान को तटरक्षक विमान से भीषण टक्कर हो गई। जिस यात्री विमान में आग लगी थी, उसमें सवार सभी 379 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन लैंडिंग के दौरान जापान कोस्ट गार्ड डैश 8 विमान की चपेट में आने से चालक दल के छह सदस्यों में से पांच की मौत हो गई। विशेषज्ञों ने कहा कि जापान एयरलाइंस की कठोर सुरक्षा संस्कृति के कारण सफल निकासी संभव हो सकी। यूके के क्रैनफील्ड विश्वविद्यालय में सुरक्षा और दुर्घटना जांच के प्रोफेसर ग्राहम ब्रेथवेट ने कहा कि मैंने फुटेज में जो देखा, उससे मुझे आश्चर्य और राहत मिली कि सभी लोग बाहर आ गए। यह इतना गंभीर प्रभाव है कि किसी भी विमान को इसका सामना करना पड़ सकता है। लेकिन यह जानते हुए कि मैं उस एयरलाइन के बारे में क्या जानता हूं और उन्होंने सुरक्षा और चालक दल के प्रशिक्षण में कितना प्रयास किया है, यह तथ्य कि उन्होंने इतना अच्छा काम किया है, इतना आश्चर्य नहीं होना चाहिए। लेकिन जापान एयरलाइंस ने लगभग 40 साल पहले एक भयावह दुर्घटना के बाद सुरक्षा सुनिश्चित की, जब 12 अगस्त 1985 को, टोक्यो से ओसाका जा रही जेएएल उड़ान 123 दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार 524 में से 520 की मौत हो गई। ग्राहम ब्रेथवेट ने कहा कि स्पष्ट रूप से इसका प्रभाव एयरलाइन पर गहरा था। जापान जैसी संस्कृति में, उन्होंने एक समूह के रूप में यह जिम्मेदारी ली और यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि ऐसा कुछ भी दोबारा न हो। इसलिए जब चीजें गलत होती हैं, तो वे इसे इस रूप में देखते हैं कि वे कैसे सीख सकते हैं। हर चीज बेहतर होने का एक अवसर है।

# ईरान गार्ड्स जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास दो धमाके, 20 की मौत



स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया गया कि साहेब अल–जमान मस्जिद के पास एक बड़ा विस्फोट सुना गया। जहां ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के विदेशी अभियानों के प्रमुख को दक्षिणी ईरान के करमान में दफनाया गया है। साहेब अल–जमान के पास एक दूसरा विस्फोट सुना गया। ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास तेजी से दो विस्फोटों की आवाज सुनी गई, क्योंकि देश ने इराक में अमेरिकी ड्रोन हमले में उनकी हत्या की सालगिरह मनाई थी। स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया गया कि साहेब अल–जमान मस्जिद के पास एक बड़ा विस्फोट सुना गया। जहां ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के विदेशी अभियानों के प्रमुख को दक्षिणी ईरान के करमान में दफनाया गया है। साहेब अल–जमान के पास एक दूसरा विस्फोट सुना गया। कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सड़क पर कई गैस कनस्तरों में विस्फोट हुआ और संबंधित अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। एसएनएन समाचार एजेंसी ने बताया कि एंबुलेंस कब्रिस्तान की ओर जा रही थीं, जहां सैकड़ों ईरानी सुलेमानी की मौत की बरसी मनाने के लिए एकत्र हुए थे। आईआरजीसी के कुद्स बलों के प्रमुख के रूप में दो दशकों से अधिक समय में सुलेमानी यमन से लेबनान तक फैली सेनाओं का एक ढीला लेकिन प्रभावी गठबंधन बनाने में कामयाब रहे, सभी घरेलू हितों के साथ लेकिन इजराइल और अमेरिका के प्रति अपनी दुश्मनी में एकजुट थे।

# कुछ आकर्षक दावों के बावजूद, मांस और डेयरी उद्योग जलवायु तटस्थ नहीं है



हालाँकि, इसे विकसित करने वाले वैज्ञानिक भी इस बात से सहमत हैं कि इसका उपयोग पशुधन जैसे किसी विशेष क्षेत्र या क्षेत्र का आकलन करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। हमारी जांच से पता चलता है कि यहां इसका उपयोग ग्रीनवॉशिंग का समर्थन करने के लिए कैसे किया जा सकता है। इससे व्यवसायों, उपभोक्ताओं और नीति निर्माताओं को भ्रमित करके जलवायु विज्ञान को कमजोर करने का जोखिम है। ये हालिया जलवायु तटस्थ दावे हमें कृषि सहित सभी क्षेत्रों से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने की तत्काल चुनौती से विचलित करते हैं। कल्पना कीजिए कि एक घर में आग लगी है और कोई लगातार आग पर गैस डाल रहा है। फिर वह थोड़ी कम गैस डालते हैं और ऐसा करने का श्रेय चाहते हैं, जबकि वह अभी भी आग को भड़का रहे हैं। ऐसा करके शायद उनका मकसद यह दावा करना है कि आग भड़काने में अब उनका कोई योगदान नहीं है। हमें ऐसे दावों पर संदेह होना उचित है। फिर भी पशुधन उद्योग के कुछ प्रभावशाली समर्थकों ने कमोबेश यही किया है। मैं सहकर्मी–समीक्षित पशुधन विज्ञान पत्रिकाओं में प्रकाशित आकर्षक और प्रभावशाली हालिया अध्ययनों का जिक्र कर रहा हूं जो दावा करते हैं कि मांस और डेयरी उद्योग जलवायु तटस्थ हैं या आसानी से हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन का दावा है कि अमेरिकी डेयरी उद्योग अपने वार्षिक मीथेन उत्सर्जन को केवल 1:–1.5: कम करके 2050 तक जलवायु तटस्थता तक पहुंच सकता है। एक अन्य ने घोषणा की कि कुछ अमेरिकी पशुधन क्षेत्र पहले से ही जलवायु समाधान का हिस्सा हैं और कैलिफोर्नियाई डेयरी उद्योग 1: से ऊपर वार्षिक मीथेन कटौती के तहत कूलिंग प्रेरित हो सकता है। कई उद्योग निकायों ने हाल ही में इन रिपोर्टों के आधार पर लक्ष्यों को अपनाया है और व्यापक रूप से प्रचारित किया है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में नेशनल कैटलमैन्स बीफ एसोसिएशन ने 2040 तक जलवायु तटस्थता तक पहुंचने की अपनी महत्वाकांक्षा बताई है, जबकि ऑस्ट्रेलिया में उपभोक्ताओं को बताया जाता है कि उनके मांसमें तटस्थ, या यहां तक ध्किे नकारात्मक, जलवायु पदचिह्न है। दावे विशेष रूप से चौंकाने वाले हैं क्योंकि मीथेन एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है जो अब तक 0.5 डिग्री सेल्सियस ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार है, और हम जानते हैं कि पशुधन उत्पादन मानव–जनित उत्सर्जन का लगभग एक तिहाई हिस्सा है। वह मीथेन मवेशियों, भेड़ों और अन्य जुगाली करने वालों में पाचन प्रक्रियाओं का एक उत्पाद है, जो डकार लेते समय उत्सर्जित होता है। इसलिए ये दावे निश्चित रूप से जांच के लायक हैं। एनवायर्नमेंटल रिसर्च लेटर्स जर्नल में अब प्रकाशित एक पेपर में, मेरे सह–लेखक डोनल मर्फी–बोकर्न और मैं तर्क देते हैं कि ये दावे विज्ञान की विकृत समझ का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक जोखिम है कि उनका उपयोग ग्रीनवॉशिंग और जलवायु विज्ञान के इस क्षेत्र में विश्वास को कम करने के लिए किया जा सकता है। हम दिखाते हैं कि परिभाषाओं में कितनी आसानी से सूक्ष्म बदलाव, प्रमुख तथ्यों की अनदेखी के साथ मिलकर, समझ को उस बिंदु तक विकृत कर सकते हैं जहां ग्रीनहाउस गैसों के महत्वपूर्ण उत्सर्जकों को जलवायु तटस्थ के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। बदलती परिभाषाएँ और जलवायु मेट्रिक्स जलवायु तटस्थ शब्द सबसे पहले नीति निर्माताओं द्वारा ग्रीनहाउस गैसों के शुद्ध–शून्य उत्सर्जन को संदर्भित करने के लिए गढ़ा गया था। इन गैसों को एक लंबे समय से स्थापित पैमाने का उपयोग करके मापा गया था जो 100 साल की अवधि में उनके वार्मिंग प्रभाव को दर्शाता है, जिसे सीओ2 समकक्षों में व्यक्त किया गया है – यह तथाकथित ग्लोबल वार्मिंग क्षमता या जीडब्ल्यूपी100 है और इसका उपयोग पेरिस समझौते की तैयारी में किया गया था।। लेकिन जीडब्ल्यूपी100 अभी भी अपूर्ण है क्योंकि अधिकांश मीथेन केवल कुछ दशकों के लिए वायुमंडल में है, कार्बन डाइऑक्साइड सदियों तक बना रह सकता है। इसीलिए 2018 में कुछ शिक्षाविदों ने समय के साथ वार्मिंग प्रभाव को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने के लिए जीडब्ल्यूपी' नामक एक नया मीट्रिक पेश किया। लेकिन हमने जिन रिपोर्टों की जांच की है, उनमें जलवायु तटस्थ शब्द के अर्थ को नेट–शून्य उत्सर्जन से नेट–शून्य अतिरिक्त वार्मिंग में स्थानांतरित करने के लिए जीडब्ल्यूपी ' का उपयोग किया गया है, जहां अतिरिक्त का तात्पर्य पशुधन क्षेत्र के कारण पहले से ही हो रही वार्मिंग से है, न कि अगर सेक्टर पूरी तरह से बंद हो गया तो उसकी तुलना में वार्मिंग बढ़ रही है। इसका मतलब है कि गोमांस उद्योग जैसे ऐतिहासिक रूप से उच्च उत्सर्जक आसानी से दूर हो सकता है। जीडब्ल्यूपी' का उपयोग करते हुए, उच्च लेकिन घटते मीथेन उत्सर्जन वाला पशुधन क्षेत्र जलवायु तटस्थ होने का दावा कर सकता है क्योंकि यह वातावरण में कम अतिरिक्त मीथेन जोड़ता है – और इसलिए हर साल कम अतिरिक्त वार्मिंग करता है। इनमें से कुछ अध्ययनों में इसे शीतलन प्रभाव के रूप में संदर्भित किया गया है, जो भ्रामक है क्योंकि यह वातावरण को ठंडा नहीं कर रहा है, केवल इसे थोड़ा कम गर्म कर रहा है। ये अध्ययन यह भी स्पष्ट करने में विफल हैं कि, मीथेन की तरह, मीथेन कटौती का यह ठंडा प्रभाव अस्थायी है। और जिस स्तर पर वे स्थिर होंगे वह संभवतः अभी भी इतना ऊंचा होगा कि महत्वपूर्ण वार्मिंग पैदा कर सके। वैश्विक स्तर पर लागू होने पर जीडब्ल्यूपी' में निश्चित रूप से योग्यता होती है। हालाँकि, इसे विकसित करने वाले वैज्ञानिक भी इस बात से सहमत हैं कि इसका उपयोग पशुधन जैसे किसी विशेष क्षेत्र या क्षेत्र का आकलन करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। हमारी जांच से पता चलता है कि यहां इसका उपयोग ग्रीनवॉशिंग का समर्थन करने के लिए कैसे किया जा सकता है। इससे व्यवसायों, उपभोक्ताओं और नीति निर्माताओं को भ्रमित करके जलवायु विज्ञान को कमजोर करने का जोखिम है। ये हालिया जलवायु तटस्थ दावे हमें कृषि सहित सभी क्षेत्रों से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने की तत्काल चुनौती से विचलित करते हैं।

# पाकिस्तान को सताने लगा आतंकवादियों से डर, गृह मंत्री ने संसद में कहा कुछ ऐसा, सुनकर रह जाएंगे हैरान



आंतरिक मंत्रालय मंत्रालय का बयान तब आया जब सीनेट को अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी और प्रतिबंधित समूह के खिलाफ तालिबान के नेतृत्व वाली अंतरिम अफगान सरकार की निष्क्रियता के बाद टीटीपी के बढ़ते प्रभाव और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। पाकिस्तान अशांत खैबर पख्तूनख्वा के आदिवासी जिलों में बड़ी संख्या में तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकवादियों की आमद देख रहा है। देश को इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) से भी खतरा है जो यहां पैर जमाने की कोशिश कर रहा है। आंतरिक मंत्रालय मंत्रालय का बयान तब आया जब सीनेट को अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी और प्रतिबंधित समूह के खिलाफ तालिबान के नेतृत्व वाली अंतरिम अफगान सरकार की निष्क्रियता के बाद टीटीपी के बढ़ते प्रभाव और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। गृह मंत्रालय ने प्रश्नकाल के दौरान एक लिखित जवाब में 2022 में शांति वार्ता के दौरान टीटीपी के पुनर्गठन और परिचालन विस्तार पर प्रकाश डाला, जिससे इसकी आतंकवादी गतिविधियों में काफी वृद्धि हुई है। इसने अपनी गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि की है और ताकत और क्षमताएं बढ़ाने के लिए अन्य उग्रवादी समूहों का समर्थन मांग रहा है। यह ज्यादातर खैबर पख्तूनख्वा में केंद्रित है, विशेष रूप से विलय किए गए जिलों में, बलूचिस्तान में अपने पैरों के निशान के साथ और देश में अपने नेटवर्क को सक्रिय करने की कोशिश कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि स्व–घोषित इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह के लिए अरबी में संक्षिप्त नाम दाएश भी पाकिस्तान में पैर जमाने की कोशिश कर रहा है और सांप्रदायिक संघर्ष को भड़काने के लिए शियाओं और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों का सहारा ले रहा है। इसमें कहा गया है कि सीमा पार से अवैध आवाजाही को रोकने के राज्य तंत्र को और मजबूत करने के लिए पाकिस्तान की पश्चिमी सीमाओं पर बाड़ लगाने का काम काफी हद तक पूरा हो चुका है। हालाँकि, इसमें बताया गया कि दोनों संगठन, विशेष रूप से टीटीपी, बाड़ को तोड़ना जारी रखे हुए हैं।

# उल्काएं, सुपरमून, एक धूमकेतु 2024 में दक्षिणी आकाश में आपके लिए बहुत कुछ है



उसे अपनी धमकी को पूरा करने से रोकने के लिए, देवताओं में से एक ने उसे मारने के लिए एक बिच्छू भेजा। ओरियन का पीछा करते हुए बिच्छू स्कॉर्पियस, के साथ यह प्राचीन कहानी हर रात हमारे सिर पर घटित होती है। स्कॉर्पियस चमकीले तारों की एक घुमावदार रेखा वाला एक और शानदार तारामंडल है, जिसमें एक लाल सितारा प्राणी के दिल का निर्माण करता है। जनवरी में, जो लोग लगभग 3 बजे सुबह उठते हैं, वे स्कॉर्पियस को पूर्व में उगते हुए देख सकते हैं, जबकि इसका शिकार ओरियन पश्चिम में डूबता है। वैकल्पिक रूप से, यदि आपको सुबह जल्दी उठना पसंद नहीं है तो आप मई की शाम को शाम ढलने के बाद वही दृश्य देख सकते हैं। हम 2024 में दक्षिणी आकाश में कौन सी रोमांचक घटनाएँ देखेंगे? उल्कापात, चंद्रमा द्वारा ढका हुआ शनि, चमकीले ग्रहों का एक–दूसरे के करीब आना, सुपरमून – और, अगर हम भाग्यशाली हैं, तो आंखों से दिखाई देने वाला धूमकेतु। भले ही आप प्रकाश प्रदूषण से घिरे शहर में रहते हों, ये सब देखने लायक हैं। यहां कुछ मुख्य घटनाक्रम इस प्रकार हैं। मई – एटा एक्वारिड उल्का वर्ष के दौरान दक्षिणी गोलार्ध के दो मुख्य उल्कापातों में से पहला एटा एक्वेरिड या एटा एक्वेरिड शावर है। इसका नाम कुंभ राशि के एक तारे, वाटर कैरियर के नाम पर रखा गया है, क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि उल्कापिंड वहीं से उत्पन्न होते हैं। उल्कापिंड छोटे कण होते हैं जो पृथ्वी के वायुमंडल से टकराते हैं और जलते ही प्रकाश की एक लकीर बनाते हैं। उल्कापात तब होता है जब कई कण टकराते हैं, सभी एक ही दिशा से आते हैं। वे आम तौर पर पृथ्वी के धूमकेतु द्वारा छोड़ी गई धूल की धारा से गुजरने के कारण होते हैं। एटा एक्वेरिड्स के लिए, धूमकेतु प्रसिद्ध हैली धूमकेतु है, जिसे पहली बार 2,000 साल से भी पहले दर्ज किया गया था। 2024 में, सोमवार 6 और मंगलवार 7 मई की सुबह उन्हें देखने का अच्छा अवसर मिलेगा, क्योंकि चंद्रमा आकाश में चमक नहीं रहा होगा। दिसंबर – जेमिनीड उल्का दो मुख्य उल्कापातों में से दूसरा जेमिनीड शावर है। इसकी उत्पत्ति मिथुन राशि, जुड़वाँ नक्षत्र की दिशा में होती है। असामान्य रूप से, वे किसी धूमकेतु से नहीं बल्कि फेटन नामक चट्टानी क्षुद्रग्रह से जुड़े हैं।

2024 में, उन्हें शनिवार 14 दिसंबर की सुबह सबसे अच्छी तरह से देखे जाने की संभावना है। देखने का चरम समय चंद्रमा के अस्त होने और भोर की शुरुआत के बीच के छोटे अंतराल के दौरान होता है। मार्च, जून और अगस्त – ग्रह आकाश में एक दूसरे के पास आने वाली खगोलीय वस्तुएँ एक अच्छा दृश्य प्रदान कर सकती हैं। शुक्रवार 22 मार्च की शाम को सबसे चमकीला ग्रह शुक्र, वलय वाले ग्रह शनि से दूरचंद्रमा के आकार से छोटा होगा और पूर्व दिशा में नीचे की ओर दिखाई देगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी भाग के लोगों के लिए, चंद्रमा गुरुवार 27 जून की रात को पूर्वी आकाश में शनि ग्रह को नीचे से ढक लेगा। घटना को आंखों से देखा जा सकता है, लेकिन दूरबीन या छोटी दूरबीन से मदद मिलेगी। इस घटना के चित्र या वीडियो लेना सुरक्षित है। सिडनी से, शनि रात 10रू55 बजे चंद्रमा के चमकीले किनारे पर गायब हो जाएगा और 11रू41 बजे अपने अंधेरे किनारे पर फिर से प्रकट होगा। ब्रिस्बेन, कैनबरा और मेलबर्न में यह एक ही समय पर होगा। एक और करीबी नजारा गुरुवार 15 अगस्त की सुबह का है, जब लाल ग्रह मंगल, विशाल ग्रह बृहस्पति से चंद्रमा की चौड़ाई से भी कम होगा। सितंबर और अक्टूबर – सुपरमून 2024 के दौरान दो सुपरमून होंगे। चंद्रमा का एक पथ है जो इसे कभी पृथ्वी से दूर और कभी करीब ले जाता है। हाल ही में, वह समय जब पूर्ण चंद्रमा पृथ्वी के निकटतम बिंदु पर चंद्रमा के साथ मेल खाता है, उसे सुपरमून के रूप में जाना जाता है। इस समय चंद्रमा आकाश में सामान्य से थोड़ा बड़ा होता है। चंद्रोदय को देखना सबसे अच्छा है, क्योंकि हमारे दिमाग में एक भ्रम के कारण चंद्रमा क्षितिज के निकट होने पर बड़ा दिखाई देता है। 2024 में सुपरमून बुधवार 18 सितंबर और गुरुवार 17 अक्टूबर को है। अक्टूबर – धूमकेतु सी 2023 ए3 (त्सुचिनशान–एटलस) आंखों से दिखाई देने वाले धूमकेतु दुर्लभ और रोमांचक घटनाएं हैं। जनवरी 2023 में खोजा गया धूमकेतु सीध 2023 ए3 (त्सुचिनशान–एटलस) के प्रभावशाली नाम वाला एक धूमकेतु सूर्य और पृथ्वी के करीब आ रहा है, और इतना चमकीला हो सकता है कि आसानी से देखा जा सके। अभी तक, यह अज्ञात है कि क्या ऐसा होगा – धूमकेतु बेहद चंचल होते हैं। 7 करोड़ 10 लाख किलोमीटर की दूरी पर, धूमकेतु रविवार 13 अक्टूबर को पृथ्वी के सबसे करीब होगा। हालाँकि, अगले छह दिनों तक एक चमकदार चंद्रमा के दिखाई देने की संभावना नहीं होगी। शनिवार 19 अक्टूबर तक चंद्रमा रास्ते से हट जाएगा। उस शाम और उसके बाद की कुछ शामों में हमें इसे देखने का सबसे अच्छा मौका मिलेगा। यह पश्चिम में नीचे की ओर दिखाई देगा। जनवरी और मई – नक्षत्र न केवल इन प्रमुख घटनाओं को आकाश में देखा जा सकता है। ऐसे तारा चित्र या तारामंडल हैं जो आज भी चमकीले शहरों के आकाश में उभरे हुए हैं। ओरियन, हंटर, दक्षिणी गोलार्ध का पसंदीदा ग्रीष्मकालीन तारामंडल है, जो जनवरी की शाम को उत्तरी आकाश में ऊँचा होता है। इसमें एक आयत में चार चमकीले तारे हैं और बीच में तीन तारों की एक पंक्ति है, जो ओरियन बेल्ट का प्रतिनिधित्व करती है। ग्रीक किंवदंती के अनुसार, ओरियन एक महान शिकारी था जिसने सभी जानवरों को मारने की कसम खाई थी। उसे अपनी धमकी को पूरा करने से रोकने के लिए, देवताओं में से एक ने उसे मारने के लिए एक बिच्छू भेजा। ओरियन का पीछा करते हुए बिच्छू स्कॉर्पियस, के साथ यह प्राचीन कहानी हर रात हमारे सिर पर घटित होती है। स्कॉर्पियस चमकीले तारों की एक घुमावदार रेखा वाला एक और शानदार तारामंडल है, जिसमें एक लाल सितारा प्राणी के दिल का निर्माण करता है। जनवरी में, जो लोग लगभग 3 बजे सुबह उठते हैं, वे स्कॉर्पियस को पूर्व में उगते हुए देख सकते हैं, जबकि इसका शिकार ओरियन पश्चिम में डूबता है। वैकल्पिक रूप से, यदि आपको सुबह जल्दी उठना पसंद नहीं है तो आप मई की शाम को शाम ढलने के बाद वही दृश्य देख सकते हैं।

# जापान शक्तिशाली भूकंप के कारण ध्वस्त हुई इमारतों के मलबे में फंसे जीवित लोगों की तलाश

इशिकावा के प्रांतीय अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में से 29 लोग वाजिमा शहर के और 22 सुजु शहर के थे। आसपास के प्रान्तों के भी कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वाजिमा में दो अन्य मौतों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। इसके बाद मरने वालों की संख्या 64 तक पहुंच सकती है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा, "जापान के लोगों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करता हूं। हम अपनी ओर से सहायता की पेशकश करते हैं और जो भी सहायता मांगी जाएगी, वह प्रदान करने के लिए हम तैयार हैं। पश्चिमी जापान में आए शक्तिशाली भूकंपों में कम से कम 62 लोगों की मौत हो चुकी है और प्राकृतिक आपदा के कारण ध्वस्त हुईइमारतों के मलबे में कई लोगों के अब भी फंसे होने की आशंका के बीच बुधवार को बचावकर्मियों ने खोजी कुत्तों की मदद से तलाशी अभियान चलाया। जापान के इशिकावा प्रांत और आसपास के इलाकों में सोमवार की दोपहर आये भूकंप की तीव्रता 7.6 थी। इसके पश्चात एक के बाद एक झटके (ऑफ्टर शॉक) महसूस किये गये। इस प्राकृतिक आपदा में जान–माल का गहरा नुकसान हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की आपदा में विशेष रूप से शुरुआती 72 घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि तीन दिनों के बाद किसी के जीवित बचने की संभावना बेहद कम रह जाती है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने संवाददाताओं से कहा, "40 घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका है। यह समझ लीजिए कि हम एक तरह से समय के साथ दौड़ लगा रहे हैं और मुझे लगता है कि हम एक नाजुक दौर में हैं।" उन्होंने कहा, "हमें खबरें मिली हैं कि कई लोग अभी भी ध्वस्त हुई इमारतों के मलबे में दबे हैं और बचाव का इंतजार कर रहे हैं।" राहत अधिकारी प्रभावित लोगों तक पानी, कपड़े, भोजन और अन्य सामग्री पहुंचा रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में अभी भी पानी, बिजली और फोन सेवाएं बाधित हैं। भूकंप के कारण जिन शहरों में भारी क्षति हुई, उनमें सुजु भी शामिल है। यहां के मेयर मासुहिरो इजुमिया ने कहा, "शायद ही कोई घर सही सलामत बचा हो, घर या तो आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या फिर पूरी तरह तबाह हो गये हैं।" मलबे में दबे लोगों की तलाश के लिए सेना और दमकलकर्मियों के अलावा, खोजी कुत्तों की भी मदद ली जा रही है। हालांकि, ऐसे लोगों की सटीक संख्या स्पष्ट नहीं है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान में इशिकावा में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। भारी वर्षा से भूस्खलन होने की आशंका है। तापमान भी शून्य से नीचे पहुंच गया है। इशिकावा के प्रांतीय अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में से 29 लोग वाजिमा शहर के और 22 सुजु शहर के थे। आसपास के प्रान्तों के भी कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वाजिमा में दो अन्य मौतों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। इसके बाद मरने वालों की संख्या 64 तक पहुंच सकती है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा, "जापान के लोगों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करता हूं। हम अपनी ओर से सहायता की पेशकश करते हैं और जो भी सहायता मांगी जाएगी, वह प्रदान करने के लिए हम तैयार हैं।

# जंग की सनक में क्यों बेकाबू हो रहे देश ? इजरायल ने नागरिकों का किया शूटआउट, अब रूस ने गलती से अपने ही गांव पर गिरा दिया बम

रूसी सेना ने एक बयान में कहा कि 2 जनवरी, 2024 को मॉस्को समयानुसार सुबह 9 बजे एयरोस्पेस फोर्सेज की एक उड़ान के दौरान, वोरोनिश क्षेत्र के पेट्रोपावलोव्का गांव के ऊपर विमान के गोला–बारूद का असामान्य निर्वहन हुआ। अभी कुछ ही दिन पहले की बात है जब हमास जंग के बीच खबर आई कि इजरायल डिफेंस फोर्स ने अपने ही नागरिकों पर गलती से गोली चला दी थी। अब ऐसा ही कुछ वाक्या यूक्रेन जंग में देखने को मिला है जब रूस की तरफ से अपने ही गांव पर बमबारी कर दी गई। रूस ने कहा कि उसने यूक्रेन के पास दक्षिणी वोरोनिश क्षेत्र के एक गांव पर गलती से बमबारी कर दी, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि कोई हताहत नहीं हुआ। यह दुर्घटना उसी दिन हुई जब रूस ने यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर मिसाइल हमला किया था। मॉस्को के लगभग दो साल लंबे यूक्रेन हमले के दौरान यह पहली ऐसी घटना नहीं है। उरूसी सेना ने एक बयान में कहा कि 2 जनवरी, 2024 को मॉस्को समयानुसार सुबह 9 बजे एयरोस्पेस फोर्सेज की एक उड़ान के दौरान, वोरोनिश क्षेत्र के पेट्रोपावलोव्का गांव के ऊपर विमान के गोला–बारूद का असामान्य निर्वहन हुआ।

# मार्कों यैनसेन को आउट करने में विराट कोहली का दिमाग, सिराज ने जाल में फंसाया

सेंचुरियन टेस्ट मैच में 84 रनों की पारी खेलने वाले मार्को यैनसेन केपटाउन टेस्ट में पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाए। यैनसेन इस मुकाबले में तीन गेंदों का ही सामना कर पाए। उनका विकेट सेटअप कराने में सिराज की मदद विराट कोहली ने की थी। भारत बनाम साउथ अफ्रीका दो मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने दमदार कमबैक किया है। पहला टेस्ट मैच एक पारी और 32 रनों से गंवाने के बाद भारतीय टीम ने लंच ब्रेक से पहले ही मेजबान टीम को 55 रन पर चित कर दिया। इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों की तरफ से बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला। सिराज ने जिस तरह से गेंदबाजी की, उसके सामने मेजबान टीम के बल्लेबाज ताश के पत्तों की तरह ढह गए। वहीं मार्को यैनसेन केपटाउन टेस्ट में पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाए। लेकिन उन्हें आउट करने में विराट कोहली का हाथ है। बता दें कि, सेंचुरियन टेस्ट मैच में 84 रनों की पारी खेलने वाले मार्को यैनसेन केपटाउन टेस्ट में पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाए। यैनसेन इस मुकाबले में तीन गेंदों का ही सामना कर पाए। उनका विकेट सेटअप कराने में सिराज की मदद विराट कोहली ने की थी। स्लिप में खड़े विराट कोहली ने सिराज को इशारा कर बताया कि मार्को यैनसेन



को किस लाइन और लेंथ से गेंद डाली जाए, जिससे वह विकेटकीपर या स्लिप में कैच थमाकर आउट हो जाएं। अगली गेंद पर सिराज ने कुछ उसी अंदाज में गेंद फेंकी और मार्को यैनसेन विकेटकीपर केएल राहुल को कैच थमाकर आउट हो गए। इस तरह से साउथ अफ्रीका ने अपना छठा विकेट गंवाया। जबकि सिराज का ये पांचवां विकेट था। वहीं मोहम्मद सिराज ने आठ ओवर में 25 रन देकर 6 विकेट अपने नाम किए। वहीं जसप्रीत बुमराह और डेब्यू टेस्ट खेल रहे मुकेश कुमार के खाते में 2–2 विकेट आए।

# दूसरे टेस्ट मैच में बजा राम सिया राम, विराट कोहली ने दिया ऐसा रिएक्शन

केपटाउन में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इस मैच के दौरान श्राम सिया रामश की धुन सुनते ही कोहली खुद को रोक नहीं पाए और भगवान श्रीराम की तरह ध ानुष चलाने का पोज देने लगे। उसके बाद उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर प्रमाण भी किया। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच केपटाउन में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पहले सेशन में ही मेहमान टीम ने मेजबान टीम को महज 55 रन पर ही समेट दिया। वहीं इस बीच मैदान पर भारतीय सलामी



बल्लेबाज विराट कोहली भगवान राम को प्रमाण करते नजर आए। दरअसल, साउथ अफ्रीकी पारी के 16वें ओवर में मार्को यानसेन के आउट होने के बाद केशव महाराज क्रीज पर बल्लेबाजी करने आए। उनके क्रीज पर पहुंचते ही राम सिया राम की ध ुन पूरे स्टेडियम में गूंजने लगी। केशव महाराज की बल्लेबाजी के दौरान ऐसा अक्सर देखने को मिलता है। राम सिया राम की धुन सुनते ही कोहली खुद को रोक नहीं पाए और भगवान श्रीराम की तरह धनुष चलाने का पोज देने लगे। उसके बाद उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर प्रमाण भी किया। कोहली का ये अंदाज लोगों को काफी पसंद आ रह है। हालांकि, केशव महाराज भी बड़ी पारी खेलने में समर्थ रहे। वह महज तीन रन बनाकर मुकेश कुमार की गेंद पर आउट हो गए। साउथ अफ्रीका की ओर से महज दो बल्लेबाज ही दहाई के आंकड़े तक पहुंच पाए बाकी कोई भी पांच रन से ज्याद नहीं बना पाया। डेविड बेडिंघम ने 12 जबकि काइल वेरेने ने 15 रन बनाए। वहीं मोहम्मद सिराज ने 6 जबकि जसप्रीत बुमराह और डेब्यू टेस्ट मैच खेल रहे मुकेश कुमार ने दो–दो विकेट चटकाए। प्रसिद्ध कृष्णा को एक भी सफलता नहीं मिली।

# आखिरी टेस्ट में फिलिप ह्यूज को याद कर भावुक हुए डेविड वार्नर, पाक खिलाड़ियों ने दिया गार्ड आफ आनर

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर ने फिलिप ह्यूज को याद किया। वह जब मैदान में बल्लेबाजी करने उतरे तो उन्होंने दिवंगत दोस्त फिलिप ह्यूज को याद किया। ह्यूज को इसी मैदान पर शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान गर्दन पर बॉल लगी थी जिस कारण से उनकी मृत्यु हो गई थी। पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर ने फिलिप ह्यूज को याद किया। वह जब मैदान में बल्लेबाजी करने उतरे तो उन्होंने दिवंगत दोस्त फिलिप ह्यूज को याद किया। ह्यूज को



इसी मैदान पर शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान गर्दन पर बॉल लगी थी जिस कारण से उनकी मृत्यु हो गई थी। मैदान पर उतरने से पहले साथी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने उन्हें गले लगाया। वहीं पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने डेविड वॉर्नर को मैदान पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान भी दिया। जिसके बाद से पाकिस्तानी खिलाड़ियों की चारों तरफ काफी तारीफ हो रही है। डेविड वॉर्नर ने इस सीरीज के शूरू होने से पहले ही अपने टेस्ट रिटायमेंट का ऐलान कर दिया था। वहीं सिडनी टेस्ट से पहले उन्होंने वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि वह चौंपियन ट्रॉफी 2025 खेलने के लिए उपलब्ध ा रहेंगे अगर ऑस्ट्रेलिया को उनकी जरूरत पड़ती है। वहीं मैच की बात करें तो, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम ने पहली पारी में 313 रन बनाए। रिजवान, सलमान आगा और आमेर जमाल ने फिफ्टी बनाई। एक समय ऐसा था जब पाकिस्तान टीम महड 47 रन पर 4 विकेट थे, उस समय मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान टीम की लाज बचाई और स्कोर को 300 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

# आईसीसी में विराट कोहली को हुआ बड़ा फायदा, रोहित शर्मा को झेलना पड़ा नुकसान

आईसीसी ने अपनी टेस्ट रैंकिंग जारी की है। जिसमें विराट कोहली को बड़ा फायदा हुआ है जबकि रोहित शर्मा को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। कोहली 761 की रेटिंग के साथ सीधे नंबर 9 पर पहुंच गए हैं। जबकि रोहित जहां पहले टॉप 10 में थे लेकिन अब वे सीधे 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय टीम इस समय साउथ अफ्रीका दौरे पर हैं। जहां दोनों टीमों के बीच आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इसी बीच आईसीसी ने अपनी टेस्ट रैंकिंग जारी की है। जिसमें विराट कोहली को बड़ा फायदा हुआ है जबकि रोहित शर्मा को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। केन विलियमसन टॉप पर काबिज आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन इस समय नंबर वन पर काबिज हैं। उनकी रेटिंग 864 की हो गई है। वहीं दूसरे नंबर पर इंग्लैंड के जो रूट हैं, उनकी रेटिंग 859 की है। स्टीव स्मिथ 820 की रेटिंग के साथ नंबर तीन पर जमे हुए हैं। यानी पहली तीन पोजीशन पर कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। वहीं इसके बाद न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने तीनों स्थानों की लंबी छलांग लगाई है। डेरिल मिचेल की रेटिंग अब 786 हो गई हैं और वे सीधे नंबर चार पर आ गए हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा 785 की रेटिंग एक स्थान नीचे यानी नंबर पांच पर आ गए हैं। वहीं पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को



एक स्थान का नुकसान हुआ है। विराट कोहली को फायदा तो रोहित शर्मा को नुकसान टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कोहली ने इस बीच चार स्थानों की लंबी छलांग लगाई है। वे 761 की रेटिंग के साथ सीधे नंबर 9 पर पहुंच गए हैं। विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले की पहली पारी में 64 बॉल पर 38 रन और दूसरी पारी में 82 बॉल पर 76 रन की पारी खेली थी। हालांकि, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को चार स्थानों का बड़ा नुकसान हुआ है। जहां वे पहले टॉप 10 में थे लेकिन अब वे सीधे 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# पाकिस्तान के संकटमोचन बने रिजवान, विकेटकीपर ने अपने नाम किए कई शानदार रिकार्ड

मोहम्मद रिजवान अपनी टीम पाकिस्तान की लाज बचाते नजर आए। हालांकि, वो अपने टेस्ट शतक से चूक गए लेकिन इस दौरान उन्होंने बेहद ही शानदार रिकॉर्ड अपने नाम किया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाक टीम ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए। इस दौरान रिजवान 88 रनों की पारी खेली। सिडनी में खेले जा रहे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबले में एक बार फिर मोहम्मद रिजवान अपनी टीम पाकिस्तान की लाज बचाते नजर आए। हालांकि, वो अपने टेस्ट शतक से चूक गए लेकिन इस दौरान उन्होंने बेहद ही शानदार रिकॉर्ड अपने नाम किया है। बता दें कि, मेजबान



और मेहमान टीम के बीच तीन टेस्ट मैच की सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाक टीम ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए। इस दौरान रिजवान 88 रनों की पारी खेली। सिडनी टेस्ट में रिजवान को बल्लेबाजी करने का मौका उस वक्त मिला जब पाकिस्तान महज 47 रनों पर अपने टॉप 4 बल्लेबाजों को खो चुकी थी। रिजवान ने अपनी पारी के दौरान कुल 103 गेंदों का सामना किया और 10 चौके और 2 गगनचुंबी छक्के लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत से ही टीम 300 का आंकड़ा छू पाई। ऑस्ट्रेलियाई धरती पर ये किसी भी पाकिस्तान विकेटकीपर बल्लेबाज द्वारा खेली गई दूसरी सर्वाधिक रनों की पारी है। ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान के लिए बतौर विकेटकीपर सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड भी रिजवान के नाम है। उन्होंने 2019 दौरे पर ब्रिसबेन में 95 रनों की शानदार पारी खेली थी। इसके साथ अपनी इस 88 रनों की पारी के साथ पाक विकेटकीपर पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी और ऋषभ पंत के बाद ैम्छ। देशों में सबसे ज्यादा 50 प्लस रन की पारियां खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रिजवान की ये सेना देशों में 7वीं 50 से ज्यादा रन की पारी है। जबकि पंत 8 पारियों के साथ दूसरे और धोनी 13 पारियों के साथ टॉप पर हैं।

# सिराज–बुमराह और मुकेश कुमार के सामने साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज पस्त

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट मैच में मेजबान टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने पस्त हो गई। इसके साथ ही साउथ अफ्रीकी टीम के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। दरअसल, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला साउथ अफ्रीकी टीम का गलत साबित हो गया। केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर खेले जा रहे भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट मैच में मेजबान टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने पस्त हो गई। इसके साथ ही साउथ अफ्रीकी टीम के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। दरअसल, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला साउथ अफ्रीकी टीम का गलत



साबित हो गया। मोहम्मद सिराज ने अपने पहले ही स्पैल में साउथ अफ्रीका की कमर तोड़ दी। वहीं बुमराह और मुकेश कुमार की भी बेहतरीन गेंदबाजी के सामने पूरी टीम महज 55 रन पर ही ऑलआउट हो गई। बता दें कि, टेस्ट क्रिकेट में किसी भी टीम का भारत के खिलाफ ये सबसे कम स्कोर है। इससे पहले भारत ने 2021 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड को 62 रनों पर समेट दिया था। भारत ने एख और बार साउथ अफ्रीका को 80 रनों से कम पर ऑलआउट कर दिया। 2015 में नागपुर में खेले गए टेस्ट मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 79 रनों पर ऑलआउट किया था।

# बच्चों को बनाना है इंडिपेंडेंट और कान्फिडेंट तो उनसे जरूर करवाएं घर के ये छोटे–छोटे काम

बच्चों से घर के काम करवाने चाहिए या नहीं. अक्सर इस बात को लेकर हर किसी की अलग–अलग सोच होती है. लेकिन अगर एक्सपर्ट्स की सलाह माने तो बच्चों को घर का काम जरूर करवाना चाहिए, क्योंकि ये उनके लिए फायदेमंद होता है. डॉक्टर्स का भी मानना है कि बच्चों से घर के काम करवाने से उनका कॉन्फिडेंस बढ़ता है उन्हें नई–नई चीजें सीखने का मौका मिलता है. जानिए बच्चों से घर के कौन–कौन से काम करवाने चाहिए...

बच्चों के घर के काम करवाने के फायदे

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, घर के कामों में योगदान देने से बच्चों का कॉन्फिडेंस बढ़ता है. उनमें ये विश्वास बढ़ता है कि वे कुछ भी कर सकते हैं. इससे फैमिली और घर में भी उनका योगदान बढ़ता है. बच्चे जिम्मेदार बनते हैं. ये छोटे–छोटे काम आगे चलकर उनकी लाइफ में काम आते हैं.घर के काम करने से बच्चों का बढ़ता है कॉन्फिडेंस

अगर पैरेंट्स अपने बच्चे



का कॉन्फिडेंस बढ़ाना चाहते हैं, तो उससे घर के काम करवाने चाहिए. इससे उन्हें परिवार में अपनी जिम्मेदारी महसूस होती है और परिवार का महत्व समझते हैं. हालांकि, छोटे बच्चों से कौन–कौन से काम करवाने चाहिए, ये भी मैटर करता है.

बच्चों से घर के कौन–कौन से काम करवाने चाहिए कपड़े सेट करवा सकते हैं.

पौधों में पानी डालने को कह सकते हैं.

अपना बिस्तर ठीक करने को कह सकते हैं.

खाना खाने के बाद बर्तन उठाना, टेबल साफ करनाखाने के लिए टेबल लगाना

खोलने के बाद खिलौनों को सही जगह पर रखना

जूतों को शू रैक में रखवाना

किराने का सामान खरीदने में हेल्प लेना

घर के पालतू जानवरों को खाना खिलाने में मदद लेना.

पैरेंट्स को क्या करना चाहिए

जब आपका बच्चा घर के छोटे–मोटे काम करना शुरू करता है, तो आप उसमें दिलचस्पी दिखाएं और उसकी कोशिश को नजरअंदाज न करें। घर के काम जब खत्म हो जाएं, तो आप उसके साथ पार्क में घूमने जाएं, उसके साथ थोड़ा समय बिताएं और उसे कहानी सुनाएं।

इस मामले में आप अपने बच्चे से किसी परफेक्शन की उम्मीद न करें बल्कि उसकी हर छोटी कोशिश की भी सराहना करें। इस तरह आपका बच्चा आत्मविश्वास से भरपूर, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनेगा.

# इस तरह रिपेयर कर दोबारा पहन सकेंगे पुरानी जींस, सालों–साल कर पाएंगे इस्तेमाल

कुछ जींसे ऐसी भी होती हैं जो पुरानी होने के साथ आपकी फेवरेट होती है। लेकिन समय के साथ यह टाइट, लूज या फिर उनका कलर फेड होने लगता है। ऐसे में हम आपको पुरानी जींस को वापस कैरी करने के लिए कुछ खास टिप्स और ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। आज के समय में ज्यादातर हर लड़कियों के वार्डरोब में जींस जरूर शामिल होती है। वहीं जींस में लड़कियों का लुक भी काफी अच्छा होता है। ऐसे में लड़कियां शर्ट, टॉप और कुर्ते आदि के साथ जींस पहन सकती हैं। लेकिन कुछ जींसे ऐसी भी होती हैं जो पुरानी होने के साथ आपकी फेवरेट होती है। फेवरेट होने की वजह से आप उन्हें अपने वार्डरोब का हिस्सा बनाकर रखती हैं। इसके साथ ही आपकी फेवरेट पुरानी जींस समय के साथ यह टाइट, लूज या फिर उनका कलर फेड होने लगता है।इन तमाम कारणों से आप अपनी फेवरेट जींस को पहन नहीं पाती हैं। क्योंकि अब आपकी वही फेवरेट जींस आपका लुक बिगाड़ सकती है। ऐसे में अगर आपकी भी वार्डरोब में ऐसी जींस है, जिनको आप दोबारा पहनना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पुरानी जींस को वापस कैरी करने के लिए कुछ खास टिप्स और ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में अगर आपके वार्डरोब में शामिल जींस थोड़ा टाइट है, तो उसको स्ट्रेच पहनने योग्य बनाया जा सकता है। टाइट जींस को स्ट्रेचबल या सही करने के लिए गर्म पानी को स्प्रे बोतल में भर लीजिए। इसके बाद अपनी जींस को हैंगर पर टांगकर उसकी थाई व कमर के पास गर्म पानी से स्प्रे करें। फिर जींस को हल्का–हल्का सा स्ट्रेच करें। आपने जींस के जिस हिस्से को स्ट्रेच किया है, उसको एक पूरा दिन वैसे ही हैंगर में टंगा रहने दें। अगले दिन जब आप उस जींस को पहनेंगी तो वही पुरानी टाइट जींस आपको ढीली होगी। ढीली जींस को ऐसे करें टाइट कई बार जो जींस आपको फिट हुआ करती थीं, वही अगर अब आपको लूज हो रही है। तो



आपको बता दें कि आप इस तरह से उसको दोबारा कैरी कर सकती हैं। क्योंकि इन दिनों लूज जींस का फैशन है। इसलिए अगर आपकी जींस थोड़ा ढीली है, तो आप उसको वैसे ही पहन सकती हैं। ढीली शर्ट व टॉप के साथ आपका इसमें काफी अच्छा लुक आएगा। लेकिन अगर आपकी फिट जींस आपको काफी लूज होने लगी है, तो आप उसे कमर की एक साइड से सिल सकती हैं। या फिर खुद न सिल पाने पर आप उसे दर्जी से सिलवा सकती हैं। उतर गया है जींस का रंग

जब जींस ज्यादा पुरानी हो जाती हैं, तो उसका रंग भी हल्का होने लगता है। ऐसे में अगर आप उस जींस को दोबारा पहनना चाहती हैं, तो आप उसे दोबारा कलर करवा सकती हैं। वहीं आप जींस को घर पर भी आसानी से कलर कर सकती हैं। इसके लिए आपको मार्केट से कपड़े वाला रंग लाना होगा। फिर इस रंग को गर्म पानी में मिलाकर अपनी जींस को उसमें भिगो दें। जब जींस अच्छे से कलर ले ले तो उसको साफ कर लें। इसके अलावा आप अपनी जींस का कैपरी या शॉर्टस बनवाकर उसे रियूज में ला सकती हैं।आपको बता दें कि डेनिम को कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है।

# सालार के बाद प्रभास की नई फिल्म का ऐलान, निर्देशक ने जारी किया पोस्टर



साउथ स्टार प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म सालार को लेकर हर तरफ छाए हुए हैं. एक्टर की फिल्म हाल ही में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी बढिया रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है और ये कमाई के मामले में भी कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी हैं. वहीं, अब सालार की सफलता के बाद प्रभास की एक और फिल्म का ऐलान हो गया है. प्रभास अब डायरेक्टर मारुति संग काम करने जा रहे हैं. मारुति ने खुद प्रभास संग अपनी नेक्स्ट फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसके बाद तो एक्टर के फैंस की खुशी का ठिकाना ही नहीं है. मारुति ने फिल्म का पोस्टर जारी कर प्रभास की अगली फिल्म की अनाउंसमेंट की है. पोस्टर देखकर एक्टर के फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं.मारुति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (ट्विटर) पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया

# करण जौहर की शो टाइम की रिलीज तारीख आई सामने, डिज्नी हाटस्टार पर 15 मार्च को देगी दस्तक



बॉलीवुड के लोकप्रिय निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने हाल ही में अपनी नई वेब सीरीज शो टाइम का ऐलान किया था।इस सीरीज में नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी और मौनी रॉय मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं।इसके अलावा महिमा मकवाना, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन और विजय राज जैसे सितारे भी सीरीज का हिस्सा हैं।अब शो टाइम की रिलीज तारीख सामने आ चुकी है। इसका प्रीमियर 15 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी हॉटस्टार पर किया जाएगा।

शो टाइम का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। इसकी कहानी सुमित रॉय, लारा चांदनी और मिथुन गंगोपाध्याय ने मिलकर लिखी है।करण ने 20 दिसंबर को शो टाइम का पहला वीडियो साझा किया था, जिसमें इमरान पहली बार मौनी के साथ इश्क फरमाते नजर आए।नसीरुद्दीन की अदाकारी भी हमेशा की तहर वाकई काबिले–तारीफ है।शो टाइम की कहानी बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया पर आधारित है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।करण जौहर बॉलीवुड के पर्दे के पीछे की कहानी का पर्दाफाश करने वाले है। पर्दे पर दिखने वाली रंग–बिरंगी दुनिया के पीछे यह मायानगरी कितनी डार्क है, यह सच उनके नए वेब सीरीज शोटाइम में दिखेगा, जिसकी पहली झलक को मेकर्स ने आज रिलीज कर दिया है। इस फिक्शन सीरीज शोटाइम के लिए डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट से हाथ मिलाया है। शो टाइम को मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने डायरेक्ट किया है। बता दें कि शोटाइम में सिनेमा की दुनिया के अनदेखे और कैमरे पर बोले जाने वाले झूठ का सच दिखाया गया है। इसमें अरबों की बॉलीवुड इंडस्ट्री की एक छोटी सी झलक है, जो नेपोटिज्म और इंडस्ट्री में सत्ता संघर्ष की कहानी पर आधारित है।

# अरुण विजय, एमी जैक्सन की एक्शन थ्रिलर मिशन चौप्टर 1 की रिलीज डेट सामने आई, पोंगल 2024 पर रिलीज होगी



लाइका प्रोडक्शंस, भारतीय फिल्म उद्योग में एक पावरहाउस, जो 2.0 और पोन्नियिन सेलवन जैसी सिनेमाई ब्लॉकबस्टर देने के लिए प्रसिद्ध है, अपनी आगामी रिलीज, मिशनरू चौप्टर 1 के साथ एक बार फिर वैश्विक दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। यह विपुल उत्पादन कंपनी, जिसने उच्च बजट वाली स्टार–स्टडेड फिल्मों और अभिनव, कम बजट परियोजनाओं में उद्यम दोनों के लिए प्रशंसा अर्जित की है, इस अनूठी शैली की पेशकश के साथ नई जमीन तोड़ रही है।

प्रतिभाशाली फिल्म निर्माता विजय द्वारा निर्देशित और एम. राजशेखर और एस. स्वाति द्वारा निर्मित, मिशनरू चौप्टर 1 में करिश्माई अरुण विजय, वापसी करने वाली एमी जैक्सन और प्रतिभाशाली निमिषा सजयन के नेतृत्व में शानदार कलाकार हैं। उनके साथ, अभि हसन, भरत बोपन्ना और युवा प्रतिभाशाली बेबी इयाल फिल्म के गतिशील समूह में योगदान करते हैं। तथ्य यह है कि फिल्म की शूटिंग केवल 70 दिनों में लंदन और चेन्नई सहित विभिन्न स्थानों पर की गई थी, जो इसकी रिलीज को लेकर प्रत्याशा को बढ़ा देती है।

अरुण विजय, कॉलीवुड की एक प्रमुख हस्ती, अपने प्रभावशाली प्रदर्शनों की सूची में मिशन चौप्टर 1 को शामिल करते हुए, इस बड़े बजट के कार्यक्रम में केंद्र स्तर पर हैं। ब्लॉकबस्टर 2.0 में अपनी भूमिका के लिए मशहूर एमी जैक्सन की वापसी उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है, जिसमें वह एक जेलर का दिलचस्प किरदार निभा रही हैं। मलयालम सिनेमा में एक सम्मानित नाम, निमिषा सजयन, इस मनोरम कथा में अपने अनुभवी कौशल लाती है।

इस सिनेमाई तमाशे का संगीत जीवी प्रकाश के सक्षम हाथों में है, जो दर्शकों के समग्र अनुभव को बढ़ाता है। मिशनरू चौप्टर 1 केवल एक क्षेत्रीय रिलीज तक ही सीमित नहीं है, क्योंकि यह वास्तव में एक गहन और समावेशी सिनेमाई अनुभव का वादा करते हुए, चार भाषाओं में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है।

जैसा कि लाइका प्रोडक्शंस ने कहानी कहने और मनोरंजन की सीमाओं को आगे बढ़ाने की अपनी विरासत को जारी रखा है, मिशनरू चौप्टर 1 दुनिया भर में फिल्म प्रेमियों के दिलों में शानदार प्रवेश करने के लिए तैयार है। संक्रांति पर दुनिया भर में एक शानदार रिलीज के लिए निधारित, यह फिल्म निस्संदेह सबसे प्रतीक्षित रिलीज में से एक है, जो मनोरंजक कहानी, शानदार प्रदर्शन और अत्याधुनिक उत्पादन मूल्यों के मिश्रण का वादा करती है। मिशनरू चौप्टर 1 के साथ सीमाओं से परे एक सिनेमाई [illegible]

# विजय एंटनी की पैन इंडिया एक्शन थ्रिलर हिटलर का टीजर रिलीज



संगीत निर्देशक से अभिनेता और फिल्म निर्माता बने विजय एंटनी ने तेलुगु में पिचाईक्करनध बिचागाडु जैसी फिल्मों में अपनी बहुमुखी भूमिकाओं से दर्शकों को प्रभावित किया है और हाल ही में रिलीज हुई पिचाईक्करन 2 बिचागाडु 2 तेलुगु में एक बड़ी सफलता थी। अभिनेता हिटलर नामक एक और दिलचस्प फिल्म लेकर आ रहे हैं। चेंदूर फिल्म इंटरनेशनल, जिसने पहले विजय एंटनी के साथ फिल्म विजय राघवन का निर्माण किया था, अपने 7वें प्रोजेक्ट के रूप में फिल्म हिटलर का निर्माण कर रहा है। फिल्म का निर्माण डीटी राजा और डीआर संजय कुमार द्वारा किया गया है। डायरेक्टर धाना एक्शन थ्रिलर कहानी वाली फिल्म हिटलर बना रहे हैं। इस रोमांचक प्रोजेक्ट का टीजर आज रिलीज किया गया। हिटलर एक राजनीतिक नेता और तानाशाह है और हिटलर के टीजर में एक हत्यारे की तलाश को दिखाया गया है। टीजर इन तीनों किरदारों का परिचय देता चलता है। पुलिस अधिकारी लक्ष्य तक पहुंचकर हत्यारे को पकड़ लेता है, फिर भी हत्यारा मुस्कुराता हुआ दिखाई देता है, जिसने टीजर में काफी उत्सुकता पैदा कर दी है। इस एक्शन एंटरटेनर में एक अद्भुत लव ट्रैक है। विजय एंटनी एक नए रूप और चरित्र चित्रण में एक हत्यारे के रूप में सामने आए। टीजर विश्व स्तरीय उत्पादन मूल्यों, पृष्ठभूमि स्कोर और आश्चर्यजनक दृश्यों के साथ प्रभावशाली है। कुछ शासक लोकतंत्र के नाम पर तानाशाह की तरह काम कर रहे हैं। हिटलर ऐसे तानाशाह का सामना करने वाले एक आम नागरिक की कहानी है। यह फिल्म पूरे भारत में तमिल, तेलुगु, मलयालम, हिंदी और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होने वाली है।

# राम चरण की गेम चेंजर की रिलीज डेट सामने आई



मेगापावर स्टार राम चरण के समर्पित प्रशंसक वर्ग के लिए एक रोमांचक रहस्योद्घाटन में, बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर के बारे में लंबे समय से प्रतीक्षित खबर आखिरकार सामने आ गई है। परियोजना से जुड़े प्रमुख निर्माता दिल राजू ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की, जिसमें पुष्टि की गई कि फिल्म सितंबर 2024 में नाटकीय रिलीज के लिए निधारित है। यह रहस्योद्घाटन तब हुआ जब दिल राजू फिल्म सालार की स्क्रीनिंग से बाहर निकल रहे थे।दशहरा 2024 और संक्रांति 2025 के विचार सहित संभावित रिलीज की तारीखों के बारे में पिछली अटकलों को संबोधित करते हुए, दिल राजू के हालिया बयान ने प्रशंसकों के बीच स्पष्टता और उत्साह बढ़ा दिया है। आधिकारिक रिलीज महीना, सितंबर 2024, कैलेंडर पर अंकित किया गया है, जो राम चरण के अगले सिनेमाई प्रयास का उत्सुकता से इंतजार कर रहे सिनेमा प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

हालांकि विशिष्ट रिलीज की तारीख का खुलासा होना बाकी है, दिल राजू ने संकेत दिया कि यह फिल्म की जटिल शूटिंग शेड्यूल की प्रगति और पूर्णता के आधार पर निर्धारित की जाएगी। प्रसिद्ध शंकर के निर्देशन में बनी गेम चेंजर एक सिनेमाई तमाशा होने का वादा करती है, जो महिला प्रधान के रूप में करिश्माई कियारा आडवाणी की उपस्थिति से और भी उन्नत हो गई है।

फिल्म में सितारों से सजी कलाकारों की टोली है, जिसमें एसजे सूर्या, अंजलि, श्रीकांत, नवीन चंद्र, सुनील, जयराम और अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं, जो एक दिलचस्प सिनेमाई अनुभव सुनिश्चित करते हैं। कहानी में मधुर स्पर्श जोडने के लिए प्रसिद्ध संगीतकार एसएस थमन हैं, जिन्हें फिल्म की धुनें तैयार करने का काम सौंपा गया है।जैसे–जैसे प्रत्याशा बढ़ती जा रही है, आधिकारिक रिलीज माह के खुलासे ने राम चरण के प्रशंसकों में नया उत्साह भर दिया है। सितंबर 2024 की उलटी गिनती शुरू हो गई है, जो दर्शकों के लिए सिनेमाई सौगात का वादा करता है और अभिनेता के शानदार करियर में गेम चेंजर को एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में स्थापित करता है।

# संदीप किशन की फिल्म उरू पेरू भैरवकोना की रिलीज तारीख से उठा पर्दा



तेलुगु अभिनेता संदीप किशन का अगला उद्यम, माइकल को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, ऊरु पेरू भैरवकोना है। वीआई आनंद द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने हाल ही में काफी चर्चा बटोरी है, जिससे अभिनेता फिर से सुर्खियों में आ गए हैं।एक महत्वपूर्ण खुलासे में, फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है। उरू पेरू भैरवकोना 9 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए पूरी तरह तैयार है। उत्साह को बढ़ाने के लिए, एक आकर्षक और गहन पोस्टर का अनावरण किया गया है, जो फिल्म के सार को दर्शाता है। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म सिद्धू जोनलागड्डा की टिल्लू स्क्वायर के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है, क्योंकि दोनों एक ही तारीख पर रिलीज होने वाली हैं। इस सिनेमाई पेशकश में मुख्य भूमिका वर्षा बोलम्मा द्वारा कुशलतापूर्वक निभाई गई है, जिसमें काव्या थापर, हर्षा चेमुडु, राजशेखर अनिंगी, वेनेला किशोर और कुशी रवि जैसे प्रतिभाशाली कलाकार शामिल हैं। हस्या मूवीज बैनर के तहत रेजेश डांडा द्वारा निर्मित, ऊरु पेरू भैरवकोना गर्व से खुद को एके एंटरटेनमेंट्स के साथ जोड़ता है और शेखर चंद्रा द्वारा रचित एक संगीत स्कोर का दावा करता है। जैसे–जैसे फिल्म अपनी रिलीज के लिए तैयार हो रही है, सिनेप्रेमी एक दिलचस्प कहानी, शानदार प्रदर्शन और रचनात्मक प्रतिभा की आशा कर सकते हैं जिसके लिए वीआई आनंद जाने जाते हैं।

# अभिनेता पुलकित सम्राट ने अपने इस टैलेंट को रखा था छुपाकर,



पुलकित की हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट ने तबला बजाने की उनकी नई अर्जित क्षमता पर प्रकाश डाला, जिससे कृति आश्चर्यचकित हो गईं और अपने प्रेमी की अप्रत्याशित प्रतिभा पर प्रसन्न हुईं। बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट और ए कृति खरबंदा कई सालों से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों ने अपने रिश्तों को निजी बना रखा है लेकिन वह सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। पुलकित की हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट ने तबला बजाने की उनकी नई अर्जित क्षमता पर प्रकाश डाला, जिससे कृति आश्चर्यचकित हो गईं और अपने प्रेमी की अप्रत्याशित प्रतिभा पर प्रसन्न हुईं। पुलकित सम्राट ने अपने तबला वादन कौशल का प्रदर्शन किया हाल ही में, पुलकित सम्राट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें अभिनेता तबला बजाते नजर आ रहे हैं, जबकि उनकी प्रेमिका–अभिनेत्री कृति खरबंदा उन्हें रिकॉर्ड कर रही हैं। हाउसफुल 4 की अभिनेत्री को वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, हउउ.. तुझे बजाना आता है। पुलकित ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, श्नई चीजें सीखने के लिए। पुराने को गले लगाने के लिए।प्रिय रू2024, अपने पूर्ववर्ती की तरह दयालु बनो..। पुलकित की प्रतिभा से प्रभावित होकर, कृति खरबंदा ने अपनी प्रशंसा व्यक्त करने के लिए टिप्पणी अनुभाग में जाकर लिखा, "आप हमेशा ऐसा करते हैं! हमेशा! मेरा प्रतिभाशाली लड़का!" शुक्रवार, 29 दिसंबर को कृति खरबंदा ने इंस्टाग्राम पर अपने बॉयफ्रेंड पुलकित सम्राट के लिए एक विशेष जन्मदिन संदेश बनाया। उन्होंने इस अवसर का जश्न मनाने के लिए रोमांटिक तस्वीरों की एक श्रृंखला और एक आनंदमय नृत्य वीडियो पोस्ट किया। किया खुलासा पहली तस्वीर में, ट्रेंडी जोड़ी एक–दूसरे का हाथ थामे, अपनी छुट्टियों में इत्मीनान से टहलते हुए नजर आ रही है, और कृति प्यार से पुलकित को देख रही हैं। अगली तस्वीर सुरम्य समुद्री परिदृश्य पर आधारित है, जो उनके चेहरों पर गर्मजोशी और खुशी को कैद करती है। साथ में दिए गए वीडियो में यह जोड़ी उत्साह के साथ नाचते हुए, गाने की धुन पर थिरकते हुए, जाहिर तौर पर एक–दूसरे की कंपनी का आनंद लेते हुए दिखाई दे रही है। दर्पण के सामने ली गई एक सेल्फी में जोड़े को स्टाइलिश पोशाक में दिखाया गया है, और एक अन्य तस्वीर में उन्हें रात के आकाश के नीचे कैद किया गया है, जिसमें पुलकित द्वारा कृति को गाल पर एक हल्का चुंबन देते हुए थोड़ा धुंधला लेकिन स्नेहपूर्ण क्षण दिखाया गया है। आखिरी तस्वीर में वे एक सीढ़ी पर बैठे हुए हैं, हाथ पकड़े हुए हैं, कैजुअल आउटफिट में कैमरे के सामने सहजता से पोज दे रहे हैं। इसे भी पढ़ेंरू श्मैं मर चुका था, मेरा दूसरा जन्म हुआ... दिल का दौरा पड़ने के बाद अब ठीक हुए"ैतमलें ंसचंकम, शेयर किया अपना अनुभव अपने हालिया पेशेवर प्रयासों में, पुलकित फुकरे श्रृंखला की तीसरी फिल्म का हिस्सा थे। फुकरे 3 में वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, ऋचा चड्ढा और पंकज त्रिपाठी सहित प्रभावशाली कलाकार शामिल थे। वर्तमान में, कृति अबीर सेनगुप्ता द्वारा निर्देशित रिस्की रोमियो नामक एक नव–नोयर कॉमिक त्रासदी के लिए तैयार हो रही है, जहां वह सनी सिंह के साथ स्क्रीन साझा करती है।

# नागार्जुन की ना सामी रंगा मूवी का टीजर आउट



नागार्जुन की बहुप्रतीक्षित परियोजना, ना सामी रंगा उत्साह में बढ़ती जा रही है क्योंकि टीम ने अपडेट की एक श्रृंखला का अनावरण किया है जिससे प्रशंसकों को फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में अल्लारी नरेश की एक विशेष झलक और फिल्म के सहायक कलाकारों – अल्लारी नरेश, मिरना मेनन और आशिका रंगनाथ की पर्दे के पीछे की स्पष्ट तस्वीरों के अनावरण ने एक हलचल पैदा कर दी है, जिसने एक यादगार सिनेमाई अनुभव का वादा करने के लिए मंच तैयार किया है। .प्रत्याशा को बढ़ाते हुए, किंग नागार्जुन ने स्वयं अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर टीजर की रिलीज के एक महत्वपूर्ण विकास की घोषणा की, जिसमें एक्शन, मनोरंजन और भावना की किंग साइज खुराक का वादा किया गया था।विजय बिन्नी द्वारा निर्देशित, ना सामी रंगा खुद को सर्वोत्कृष्ट संक्रांति मनोरंजक फिल्म के रूप में स्थापित कर रही है, जिसकी कहानी का उद्देश्य दर्शकों को लुभाना है और नागार्जुन, राज तरूण और रुखसार ढिल्लों की प्रमुख भूमिकाओं वाली एक शानदार कलाकार एक गतिशील प्रदर्शन का वादा करती है।ना सामी रंगा के लिए दांव काफी ऊंचे हैं, खासकर नागार्जुन की हालिया फिल्म द घोस्ट के बाद, जो उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। निर्माण के शीर्ष पर श्रीनिवास चुट्टुरी और संगीत प्रतिभा एमएम कीरावनी द्वारा धुन तैयार करने के साथ, फिल्म मनोरंजन और ग्रामीण आकर्षण का एक आदर्श मिश्रण पेश करते हुए, संक्रांति रिलीज अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। जैसा कि प्रशंसकों को टीजर लॉन्च का बेसब्री से इंतजार है, सभी की निगाहें ना सामी रंगा पर टिकी हैं, इस उम्मीद के साथ कि यह न केवल एक्शन और मनोरंजन के वादे को पूरा करेगा बल्कि ग्रामीण जीवन की एक हार्दिक झलक भी प्रदान करेगा। एक सिनेमाई यात्रा के लिए बने रहें, जो टीजर के साथ सामने आने वाली है, जो दर्शकों को इस बहुप्रतीक्षित संक्रांति रिलीज में इंतजार कर रहे जादू की एक झलक प्रदान करेगी।

# जिला अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर किया जारी



ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर इस वर्ष का निर्धारित करते हुए प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान दिवस के लिए अधिकारियों को भी नामित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने प्रथम तीन माहो में आयोजित होने वाले इस दिवस के विवरण में बताया है कि जनवरी माह के प्रथम शनिवार को सदर में जिलाधिकारी, सलेमपुर में मुख्य विकास अधिकारी, रुद्रपुर में अपर जिलधिकारी (प्रशासन), बरहज में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), भाटपार रानी में सीआरओ तथा तृतीय शनिवार को सलेमपुर में जिलाधिकारी, रुद्रपुर में सीडीओ, बरहज में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), भाटपार रानी में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), देवरिया में सीआरओ की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा।फरवरी माह के प्रथम शनिवार को रुद्रपुर में जिलाधिकारी, बरहज में मुख्य विकास अधिकारी, भाटपार रानी में अपर जिलधिकारी (प्रशासन), देवरिया में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), सलेमपुर में मुख्य राजस्व अधिकारी तथा तृतीय शनिवार को बरहज में जिलाधिकारी, भाटपार रानी में सीडीओ, देवरिया में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सलेमपुर में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), रुद्रपुर में मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। मार्च माह के प्रथम शनिवार को भाटपार रानी में जिलाधिकारी, देवरिया में मुख्य विकास अधिकारी, सलेमपुर में अपर जिलधिकारी (प्रशासन), रुद्रपुर में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), बरहज में मुख्य राजस्व अधिकारी तथा तृतीय शनिवार को देवरिया में जिलाधिकारी, सलेमपुर में मुख्य विकास अधिकारी, रुद्रपुर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), बरहज में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), भाटपार रानी में मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने किया जल जीवन मिशन की समीक्षा



ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने प्रत्येक दशा में मार्च 2024 तक समस्त परियोजनाओं को पूर्ण करने के साथ सभी घरों में पाइप लाइन के जरिये स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी लंबित परियोजनाओं को युद्धस्तर पर कार्य कर पूर्ण किया जाए। शासन की प्राथमिकता के कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।. जल निगम के अधिशासी अभियंता ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत कुल 832 परियोजनाओं पर त्रिपक्षीय एग्रीमेंट कर लिया गया है तथा 733 पर कार्य किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर नल से जल योजना सरकार के अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। प्रत्येक दशा में मार्च 2024 तक समस्त परियोजनाओं को पूर्ण किया जाए। यदि कहीं परियोजनाएं रुकी हुई है उन्हें यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाए।अधिशासी अभियंता द्वारा डीएम को अवगत कराया गया कि अभी 25 परियोजनाओं के लिए निर्विवादित भूमि नहीं मिल सकी है, जिस पर डीएम ने निर्देश दिया कि संबंधित उप जिलाधिकारियों से समन्यव कर भूमि की उपलब्धता प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराई जाए। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, अधिशासी अभियंता जल निगम अखिल आनंद, हरिश्चंद्र सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# हिट एंड रन कानून का विरोध तेज, दूसरे दिन भी हड़ताल जारी

बांदा । हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक चालकों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रही और ट्रकों की लंबी लाइन लगी रही। रोडवेज कर्मियों ने भी विरोध जाहिर करते हुए काम पर ब्रेक लगाए रखा। इससे यात्रियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तमाम रोडवेज बसें डिपो में ही खड़ी नजर आईं। परिवहन निगम अधिकारियों का कहना है कि चालक और परिचालक काम में आनाकानी कर रहे हैं। इधर, मंगलवार को वाहन चालक मालक सामाजिक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर हिट एंड रन कानून को वापस किए जाने की मांग की है। हिट एंड रन कानून के विरोध में रोडवेज बस चालकों ने अघोषित हड़ताल शुरू करते हुए चक्का जाम कर दिया था। मंगलवार को दूसरे दिन भी रोडवेज बसें डिपो में ही खड़ी रहीं। इससे मुसाफिरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। डगगामार वाहनों में मुसाफिरों ने मजबूरन सफर किया, इस दौरान उनसे अधिक किराया भी वसूल किया गया। नए कानून के विरोध में रोडवेज बस और ट्रक चालकों ने मवई बाईपास के पास विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी किया। चेतावनी दी कि यदि इस नए कानून को वापस नहीं लिया गया तो आर–पार की लड़ाई लड़ने से गुरेज नहीं किया जाएगा। पुलिस ने किसी तरह से समझाकर सभी चालकों को वहां से हटाया। प्रदर्शन करने वाले चालकों का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सरकार ने हिट एंड रन के कानून में बदलाव किया है। चालकों के दोषी पाए जाने पर पहले दो वर्ष की सजा थी, लेकिन अब अगर हादसे के बाद घायल को अस्पताल नहीं पहुंचाया, अस्पताल और मजिस्ट्रेट को सूचना न देने पर दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष की सजा और सात लाख रुपए का जुर्माना भरना होगा। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि यतदि हादसे के बाद रुके तो भीड़ उन्हें जिंदा नहीं छोड़ेगी। इसलिए उन्हें घटनास्थल से भागना मजबूरी है। चालकों का कहना है कि जब तक कानून वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इधर, वाहन चालक मालक संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कहीं पर भी दुर्घटना घटित होने पर मौके से अगर चालक उसे अपने हाल में छोड़कर चला जाता है तो उसको पांच लाख का जुर्माना व 10 वर्ष की सजा का प्राविधान रखा गया है, जो कि चालकों के साथ सरासर अन्याय है। संघ पदाधिकारियों ने कानून को वापस लिए जाने की मांग की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार के अलावा अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# दिशा की बैठक में योजनाओं की हुई समीक्षा

## जनहित के कार्यों में प्राथमिकता बरतने की, की गयी अपेक्षा

देवरिया देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे 03 जनवरी 2024 को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा) की बैठक सांसद सलेमपुर रविन्दर कुशवाहा की अध्यक्षता, सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी की सह अध्यक्षता, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम एवं जनपद के प्रभारी मंत्री एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चंद्र तिवारी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विकास भवन के गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के विकास पर व्यापक विचार विमर्श किया गया तथा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जनपद को विकास में अग्रणी बनाये रखने हेतु कार्य किये जाने की अपेक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद सलेमपुर ने समिति के महत्व पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दिशा कमेटी की माध्यम से जनपद में हो रहे विकास कार्यो की समुचित निगरानी की जाती है। समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये, जिससे इसकी प्रासंगिकता बनी रहे। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के विरोधी नही, बल्कि पूरक हैं। दोनो को मिल कर जनहित में कार्य करना चाहिये। उन्होंने निर्देशित किया कि दिशा की अगली बैठक से पूर्व आज की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाये गए सभी बिन्दुओं को परिणामपरक बनाया जाए। सांसद सदर डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि दिशा समिति का उद्देश्य सही अर्थो में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण बैठक कर योजनाओं के प्रगतियों की समीक्षा करते हैं। अधूरे कार्य को पूरा करने का संकल्प लेते है। समीक्षा में केवल सूचना देना ही निष्कर्ष नही होना चाहिये, अपितु जो भी बिन्दु आये है, उसका शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना ही इसकी सफलता व सभी का कर्तव्य व दायित्व है। बैठक में आये बिन्दुओं का क्रियान्वयन औपचारिकता के साथ नही, बल्कि प्रमाणिकता के साथ होनी चाहिये। कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि बैठक में उठाये गए बिंदुओं के समाधान किये जाने में अधिकारी अग्रणी भूमिका में रहे, उस पर कार्यवाही करें तथा जिन योजनाओं में बजट अनुपलब्ध हो, उसमें जिलाधिकारी की ओर से डिमाण्ड कर बजट आवंटित कराते हुए उन योजनाओं को पूरा करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में जो भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित रह गये है उनका आनलाईन आवेदन करायें और उन्हें लाभान्वित भी करें। जिन लाभार्थियों का ईकेवाईसी नही हो पायी है उस पर भी इस यात्रा शिविरों में विशेष रुप से ध्यान दिया जाये तथा इस दौरान आयुष्मान योजना के गोल्डेन कार्ड भी लाभार्थियों का बने यह सुनिश्चित कराया जाये।

जनपद के प्रभारी मंत्री एवं परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बैठक में आये सुझावो एवं विषयो को गंभीरता से लिया जाये। विकसित भारत यात्रा में संबंधित विभागो के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों में संवाद होते रहना चाहिये इससे समस्याओं के समाधान में काफी उपयोगिता रहेगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगाह करते हुए कहा कि विकास के साथ कोई समझौता नही हो सकता है। कार्यो में पारदर्शिता होनी चाहिये। सरकार की जीरो टोलरेन्स की नीति है। यदि कहीं शिथिलताध्अनियमियता पायी जायेगी तो उस पर सख्त कार्यवाही भी होगी। उन्होने यह भी कहा कि देवरिया शहर में मल्टी लेविल पार्किंग बनेगी। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल चयनित किया गया है व 25 करोड की बजट धनराशि निर्गत भी कर दी गयी है। शीघ्र हीं इसका शिलान्यास किया जायेगा। बस स्टेशन को पीपीपी मॉडल पर अत्याधुनिक बनाया जायेगा। सलेमपुर में भी जमीन की उपलब्धता होने पर बस स्टेशन बनाया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद में बसो की कोई कमी नही रहेगी। राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने रामजानकी मार्ग हेतु अधिग्रहित भूमि के किसानो को मुआवजा दिलाये जाने को कहा तथा मनरेगा कार्यो में भुगतान में शिथिलता नही बरतने को कहा। विधायक रुद्रपुर जय प्रकाश निषाद ने रुद्रपुर कपरवार मार्ग के निर्माण कार्य की गुणवता, नगर निकाय रुद्रपुर में प्रधानमंत्री आवास शहरी से छूटे हुए लाभार्थियों के लिए इसकी संख्या और बढाये जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने पशु बीमा योजनाओं के प्रचार–प्रसार पर भी बल दिया, जिससे कि अधिक से अधिक पशुपालक इसे अपनाकर लाभान्वित हो सके। विधायक बरहज दीपक मिश्रा शाका ने कहा कि करुअना–मगहरा मार्ग से जुड़ा सवाल पूछा जिसपर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि 2020 में इसी स्वीकृति मिली थी। एक वर्ष में पूर्ण हो जाना था। ठेकेदार की लापरवाही से अभी कार्य पूर्ण नही हो पाया है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया गया। रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि जल निगम विभाग द्वारा पानी की टंकियो एवं पाइप लाइन बिछाये की सूचना संबंधित विभागों को भी दें, जिससे कि उस दौरान ही असुविधाओं को दूर किया जा सके। उन्होने जनहित से जुडे अन्य बिन्दुओं को भी समिति के समक्ष रखा। विधायक भाटपाररानी सभाकुंवर ने मदनचक में बन्द सहकारी समिति के गोदाम को खुलवाये जाने को कहा, जिस पर कृषक हित में समिति द्वारा इसे खुलवाये जाने को कहा गया। उन्होंने अपने क्षेत्रीय जनसमस्याओं को भी प्रमुखता से रखा। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि दिशा की यह बैठक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के परस्पर सहयोग से जनपद के विकास का खाका खीचा जा सके, से संबंधित होती है। बैठक में जो भी सुझाव बिन्दु आये है, उसके प्रत्येक विभाग की समीक्षा कर सभी कमियों को दूर किया जायेगा। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया जायेगा तथा उसका लाभ आमजन को उपलब्ध कराया जायेगा। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के रुप में लेते हुए सभी अधिकारी संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्वता के साथ सुनिश्चित करेंगे और बैठक में उनके विभाग से संबंधित जो भी सुझाव आये है उसका पालन अवश्य ही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी को संचालित योजनाओं का बैनर आयोजित विकसित संकल्प यात्रा के शिविरों में लगाये जाने का भी निर्देश दिया, जिससे कि अधिक से अधिक लोगो में इस योजनाओं की जानकारी हो और वे इसका लाभ उठा सके। बैठक मे एमएलसी रतनपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, बांसगांव सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि, अमित सिंह, बनकटा ब्लाक प्रमुख बृन्दा कुशवाहा, सदर विधायक प्रतिनिधि नवीन सिंह आदि द्वारा जन समस्याओं से जुडे बुनियादी मुद्दो को रखा गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया। बैठक में एजेन्डावार बिन्दुओं को जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, सीएमओ डॉ राजेश झा, डीएफओ जगदीश आर, जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, उप निदेशक कृषि, डीपीआरओ सर्वेश पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकान्त राय, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी, अधीक्षण अभियंता विद्युत अन्य अधिकारी गण, क्षेत्र पंचायत प्रमुखध्प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# प्रेमी ने वायरल किया अश्लील वीडियो, प्रेमिका ने फांसी लगाकर दी जान

## –देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का मामला, परिजनों ने दी तहरीर

संवाददाता।

बांदा । नजदीकी रिश्तेदार और कथित प्रेमी ने प्रेमिका का अश्लील वीडियो रिश्तेदारों के साथ ही वर पक्ष के यहां वायरल कर दिया। वर पक्ष ने वीडियो देखा तो युवती की शादी तोड़ दी। इससे परेशान होकर युवती ने सोमवार की देर शाम कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव मे रहने वाली 24 वर्षीय युवती का उसके नजदीकी रिश्तेदार से चार माह से प्रेम–प्रसंग चल रहा था। कथित प्रेमी और प्रेमिका लुक–छिपकर मिलते थे। इसी दौरान प्रेमी ने प्रेमिका का अश्लील वीडियो बना लिया था। वीडियो बनाने के बाद युवक ने उस अश्लील वीडियो को सभी रिश्तेदारों के यहां भेज दिया। युवती की शादी जहां तय की गयी थी, वहां भी युवक ने अश्लील वीडियो भेज दिया। वीडियो देखते ही वर पक्ष ने वधू पक्ष के लोगों को फोन किया और शादी करने से इनकार कर दिया। इसी से परेशान होकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर युवती पक्ष के लोगों ने प्रेमी और उसके घर वालों के खिलाफ देहात कोतवाली में तहरीर दी है। देहात कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पडताल की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ा जायेगा। पुलिस ने युवती का शव कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। युवक ने फांसी लगाई, बची जान बांदा। मुक्तिधाम क्योटरा निवासी भारत (21) पुत्र दनिया ने मंगलवार की दोपहर घर में फांसी

लगाकर जान देने का प्रयास किया। परिजनों ने देखा तो उसे फंदे से नीचे उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

परिजनों ने बताया कि भारत शराब पीकर घर आया था और उत्पात मचा रहा था। मना करने पर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की।

# केन को स्वच्छ रखने में जागरूक होकर करें सहयोग– डीएम

## – केन महोत्सव का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

बांदा । डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने केन नदी के तट पर जिला गंगा समिति और वन विभाग द्वारा आयोजित केन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उन्होंने नदियों को स्वच्छ एवं अविरल बनाये रखने के लिए लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि नदियों को संरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि केन नदी को भी स्वच्छ रखने में सभी लोग जागरूक होकर सहयोग करें। उन्होंने इस अवसर पर नौका विहार एवं नौका दौड प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यकमों के द्वारा ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने व नदियों को स्वच्छ रखने संबंधी आयोजित कार्यकम की प्रशंसा की। केन महोत्सव कार्यकम में जनपद के प्रसिद्ध दीवारी नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यकम के द्वारा गंगा नदी के भांति केन नदी को भी स्वच्छ बनाये रखने का संदेश प्रदान किया गया। कार्यकम में नौका विहार, नौका दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली के माध्यम से नदियों को साफ–सुथरा रखने का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर भव्य केन आरती का भी आयोजन किया गया, जिसमें डीएफओ एवं एसडीओ सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यकम का शुभारंभ विधिवत नदी पूजन के साथ किया गया। कार्यकम में नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, अजीत गुप्ता, डीएफओ अरविन्द कुमार गौरक्षा समिति महेश प्रजापति, दीपक शुक्ला, रजत द्विवेदी, संजय काकोनिया और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया।

# वाहन चालकों ने लगाया जाम, जमकर हुई नारेबाजी

## – पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाया, आधा घंटे बाद खुला जाम

नरैनी । सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से बनाए गए नए कानून के विरोध पर प्राइवेट वाहन चालको ने राज्य मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम लगभग आधा घंटे तक लगा रहा। पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन चालकों को समझाने के बाद जाम खुलवाया।

हिट एंड रन कानून के विरोध में मंगलवार को कस्बे के मुख्य चौराहे पर चित्रकूट खजुराहो राज्य मार्ग पर गुस्साए प्राइवेट वाहन चालकों ने जाम लगा दिया। कस्बा के मुख्य चौराहे के बांदा, अतर्रा, कालिंजर, व करतल मार्ग पर भारी वाहनों को खड़ा कर आवागमन बाधित कर दिया, इससे यातायात ठप्प हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन चालकों को समझाया, तब कहीं जाकर आधा घंटे के बाद जाम खुल सका। नए कानून के विरोध में प्राइवेट बड़े वाहनों के हड़ताल के चलते सारा दिन सीमावर्ती मध्य प्रदेश आने जाने वाले यात्री सारा दिन भटकते रहे। कई यात्रियों ने छोटे प्राइवेट वाहन बुक किए जिससे उन्हें निर्धारित किराया से कई गुना ज्यादा व्यय वहन करना पड़ा।

चर्चाएं ऐसी भी हो रही हैं कि पेट्रोल पंपों में पेट्रोल डीजल का भंडार खत्म होने के बाद पूरी तरह से चकाजाम हो जायेगा। यद्यपि अभी सड़कों पर इक्का दुक्का प्राइवेट वाहन नजर आ रहे हैं। उधर परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश ने पत्र जारी कर परिवहन विभाग के प्रबंधक और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि बस यूनियन से बात कर उन्हें समझाएं कि उक्त कानून अभी लागू नहीं किया गया है, इसलिए यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बसों का संचालन शुरू करवाना सुनिश्चित कराएं।

# कैंप लगाकर दो सैकड़ों कंबलों का किया वितरण

बिलगांव । शीतलहर ठंड के चलते गरीब, वृद्ध, विधवा, विकलांग असहाय लोगों को जय महाकाल कंस्ट्रक्शन द्वारा कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाते ही ठंड से बेहाल ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। बिलगांव में जय महाकाल कंस्ट्रक्शन के प्रोप्राइटर नरेंद्र सिंह शिक्षक द्वारा विधवा वृद्ध विकलांग गरीब असहाय लोगों को करीब 200 कंबलों का वितरण कैंप लगाकर किया गया। उन्होंने बताया कि शीतलहर के चलते गरीबों की सेवा परोपकार की भावना से बिलगांव, बहोरवा पुरवा, महावीर पुरवा बिगहना पापरपुरवा के महिला पुरुषों को शामिल कर कंबलों का वितरण किया गया। जिसमें नेता विश्वकर्मा, पुनीवा, कुट्टू, विजय, गुलाब, गुड़िया, पचनिया, शिवकली, छितानी, प्रेमा आदि शामिल हैं। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान दौड़ गई।

# विधायक ने गरीबों को वितरित किए कंबल, खिले गरीबों के चेहरे

नरैनी । गरीबों और असहाय लोगों को क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा ने कंबल वितरित किए। कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर गरीबों की खुशी का ठिकाना न रहा। लगातार लगभग एक सप्ताह से तेज शीतलहर चल रही है। कई दिनों से धूप न निकलने के कारण हाड़कंपाऊ ठंड पड़ रही है। तहसील सभागार में मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक ओम मणी वर्मा, उपजिलाधिकारी विकास यादव, तहसीलदार लखन लाल सिंह, समाज सेवी दिलीप सिंह राजपूत ने कस्बा के गरीब बुजुर्गों और महिलाओं को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए। लगभग दो सैकड़ा लोगों ने कंबल प्राप्त किए। इस मौके पर तमाम समाजसेवी, तहसील स्टाफ और बड़ी तादाद में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# पुष्पेंद्र ने ताइक्वांडों में जीता गोल्ड मैडल, खुशी की लहर

बांदा । ओपेन इंटरनेशनल चौंपियनशिप ताइक्वांडों में पुष्पेंद्र विश्वकर्मा उर्फ संजू बाबा ने गोल्ड मैडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। मंगलवार को स्टेशन में ट्रेन से उतरने के बाद विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से लादकर संजू का स्वागत किया। बाद में संजू ने संकट मोचन मंदिर में दर्शन किए।पुष्पेंद्र विश्वकर्मा के गोल्ड मैडल जीतने से विश्वकर्मा समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

मंगलवार को ट्रेन से उतरने के बाद विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। ढोल–बाजे के साथ संकट मोचन मंदिर पहुंचे और वहां पर हनुमान जी महाराज के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ाया गया। जिला उपाध्यक्ष रामबाबू विश्वकर्मा व जिला उपाध्यक्ष केपी विश्वकर्मा, सौरव विश्वकर्मा, जिला सचिव जेपी विश्वकर्मा लीगल सहायक, शिवदास विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, रामस्वरूप विश्वकर्मा, शरद कुमार, दादू प्रसाद, राजकुमार, धीरेंद्र कुमार जिला सचिव, मनमोहन विश्वकर्मा मनबोधन विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष तथा प्रमोद विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, पंकज यादव, मिथिलेश प्रजापति आदि मौजूद रहे। संतोष विश्वकर्मा, लखन विश्वकर्मा, ललित कुमार, खुशबू आदि ने माला पहनाया। जबकि केपी विश्वकर्मा, ने माला पहनकर मुंह मीठा कराया।

# एक्सेंचर कंपनी में चयनित हुए सत्यम, निदेशक ने किया सम्मानित

अतर्रा। नगर के लखन कालोनी निवासी डा. विजय पाण्डेय के पुत्र सत्यम का एक्सेन्चर कम्पनी में चयन हुआ है। उसने परिवार और जनपद का नाम रोशन किया। सत्यम पाण्डेय ने आईआईटी खड़गपुर में टाप किया है, जिससे उसका प्लेसमेंट एक्सेन्चर कम्पनी में बेहतरीन पैकेज में चयन हुआ। आईआईटी के निदेशक डा. वीके तिवारी ने सत्यम को सम्मानित किया। मालुम हो कि सत्यम की प्रारंभिक शिक्षा बांदा, कक्षा 6 से इंटर तक की शिक्षा बीएनएसडी में पूरी की है। यह सूचना पाकर परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं है। पिता विजय पाण्डेय और चाचा संजय पाण्डेय ने कहा कि बेटे की सफलता से खुश हैं। आज अगर पिता प्रो. दीनानाथ पाण्डेय जीवित होते तो बहुत खुश होते। सत्यम पाण्डेय की इस सफलता पर उनके नाना गंगा शुक्ला मौजूद रहे।


हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।